तापमान
अधिकतम 31.3 डिग्री
न्यूनतम 15.9 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

# गैंग-कल्चर वाले स्टूडेंट्स पर एक्शन की तैयारी, स्कूलों में धारदार वस्तुएं व अब मोबाइल प्रतिबंधित

## बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग व सट्टा से दूर रखने प्राचार्यों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

स्कूल में झगड़ा, धमकी, गैंग-कल्चर व बदमाशी करने वाले छात्रों के प्रति अबर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। संदिग्ध व्यवहार वाले छात्रों की काउंसलिंग होगी। उनके अभिभावकों से नियमित संवाद किया जाएगा। इसके अलावा गंभीर मामलों में पुलिस को सूचना देने के निर्देश भी दिए गए हैं। यह निर्देश मंगलवार को हुई प्राचार्यों की बैठक में दिए गए। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए डीसीपी सेंट्रल जोन उमेश गुप्ता ने शाला प्राचार्यों की बैठक ली। जोन के लगभग 60 स्कूलों के प्राचार्य इसमें शामिल हुए। बैठक के दौरान डीसीपी ने स्कूल परिसरों में बढ़ती चुनौतियों, छात्रों की सुरक्षा, अनुशासन तथा कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वर्तमान में हुई घटनाओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

स्कूल परिसर में धारदार अथवा आपत्तिजनक वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने कहा गया है। किसी छात्र के पास ऐसी वस्तु मिलने पर तत्काल अभिभावक को सूचना दी जाएगी। इन छात्रों की विशेष रुप से काउंसिलिंग होगी। आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को सूचित करने ▶▶| शेष पेज 13 पर

- 18 वर्ष से कम आयु वाले विद्यार्थी नहीं चला पाएंगे वाहन, मंगलवार को हुई बैठक में प्राचार्यों को दिए गए निर्देश



### आने-जाने वालों का रखना होगा हिसाब

सीसीटीवी एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया है। इसके अंतर्गत स्कूल परिसर में कार्यशील सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य होंगे। प्रवेश-निकास द्वार पर गार्ड अथवा अटेंडेंट की तैनाती करनी होगी। बाहरी व्यक्तियों का रजिस्टर अनिवार्य रूप से संधारित किया जाएगा। आपात स्थिति में त्वरित संपर्क व्यवस्था रखने कहा गया है। सभी स्कूल प्रबंधन से कहा गया है कि वे नजदीकी थाना एवं बीट अधिकारी का मोबाइल नंबर अपने पास रखें। इसके अलावा महिला एवं पुरुष वॉशरूम का स्पष्ट उल्लेख सुनिश्चित करने कहा गया है ताकि महिलाओं के वॉशरूम में पुरुषों का प्रवेश न हो।

### स्कूल बैग की नियमित जांच

*नाबालिग छात्रों द्वारा वाहन संचालन पर सख्ती बरतने के भी निर्देश दिएगए हैं। स्कूल प्रबंधन से कहा गया है कि 18 वर्ष से कम उम्र के छात्रों द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। नशा, तंबाकू, गुटखा व ई-सिगरेट पर निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए छात्रों के बैग की नियमित रूप से जांच होगी। स्कूल के आसपास सतत निगरानी रखने भी कहा गया है। यदि स्कूल के आसपास गुटखा, सिगरेट, ई-सिगरेट की बिक्री होती है तो इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को देनी होगी। डीसीपी उमेश गुप्ता ने प्राचार्यों से अपील करते हुए कहा कि वे पुलिस के साथ समन्वय बनाकर बच्चों के लिए सुरक्षित, अनुशासित एवं सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करें। पुलिस द्वारा इस दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। एडिशनल डीसीपी तारकेश्वर पटेल और एसीपी सिविल लाइन रमाकांत साहू भी बैठक में शामिल रहे।*

# बस स्टैंड बना नशे का अड्डा, गांजे की खेप पहुंच रही, छिपाने के लिए स्कूल बैग का इस्तेमाल

**दो मामले पकड़े गए, पांच गिरफ्तार इनमें महिला और नाबालिग भी, छह लाख का गांजा जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर का भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बसस्टैंड अब धीरे-धीरे गांजा तस्करी का प्रमुख अड्डा बनता जा रहा है। गांजा का अवैध कारोबार करने वाले लोग बसस्टैंड से ही बसों के माध्यम से दूसरे राज्यों से गांजा लाना और ले जाना कर रहे हैं। इधर रायपुर पुलिस भी गांजा तस्करों को पकड़ने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इस कड़ी में पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरण में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक महिला और एक नाबालिग भी शामिल है। इन आरोपियों के कब्जे से कुल 12.938 किलो ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत 6 लाख 50 हजार रुपए है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

### स्कूल बैग-झोले में भरकर लाए थे गांजा

पुलिस अधिकारियों ने गांजा तस्करी के प्रकरणों का खुलासा करते हुए बताया कि भाठागांव स्थित बसस्टैंड में गांजा तस्करों की लगातार सक्रियता की सूचना मिली थी। इस सूचना पर पुलिस ने 9 फरवरी को दोपहर और शाम के समय पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान बसस्टैंड में आने और जाने वाली सभी बसों की जांच की गई। खासकर दूसरे राज्य जैसे ओड़िशा और मध्यप्रदेश से आने वाली बसों की विशेष जांच की गई। इस दौरान दोपहर में जांच के दौरान एक महिला एवं दो पुरुष यात्री पर संदेह हुआ। इस आधार पर उनके पास रखा झोला और स्कूल के बैग की तलाशी ली गई। इन दोनों में 5 किलो 938 ग्राम गांजा ▶▶| शेष पेज 13 पर





### ट्राली बैग में मिला 7 किलो गांजा

*एक अन्य प्रकरण में पुलिस ने इसी दिन शाम को करीब 5.15 बजे बसस्टैंड में ही एक पुरुष यात्री को संदेह के आधार पर पकड़कर उसके पास रखे ट्राली बैग की तलाशी ली। इस बैग से 7 किलोग्राम गांजा भरा हुआ था, जिसकी कीमत साढ़े तीन लाख रुपए है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी अरुण जाल 37 वर्ष ग्राम हीरालोई थाना किससिन्दा संबलपुर ओड़िशा का निवासी है। पूछताछ में यह भी पता चला कि वह गांजा वहीं से लेकर रायपुर पहुंचा था। पुलिस ने सभी आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।*

## सूखे नशे में बरबाद हो रहे युवा एक का वीडियो आया सामने

राजधानी रायपुर में कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के बाद भी सूखे नशे के कारोबार पर अंकुश लग नहीं पाया है। ड्रग्स सहित अन्य सूखे नशे का कारोबार लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण युवा पीढ़ी में भी यह लत तेजी से फैल रही है। यही कारण है कि इसका सेवन करने वाले लोग अब एकांत या सूनसान जगह नहीं, बल्कि सार्वजनिक जगहों पर भी इसका सेवन करने लगे हैं। एक युवक का सोशल मीडिया में एक ऐसा ही विडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह ड्रग्स पाउडर को अपने मोबाइल के स्क्रीन ▶▶| शेष पेज 13 पर

### गांधी मैदान पार्किंग का बताया जा रहा विडियो

*सोशल मीडिया में जिस युवक का ड्रग्स लेते हुए विडियो वायरल हुआ है, वह विडियो शहर के गांधी मैदान स्थित पार्किंग का बताया जा रहा है। इस विडियो में दिखाई दे रहा है कि युवक ने अपने मोबाइल के स्क्रीन पर ड्रग्स पाउडर की दो लाइन बना रखी है। एक लाइन ड्रग्स को वह पहले नाक के एक छेद से अंदर खींच रहा है।*

**यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी**

## 14 को रद्द रहेंगी 6 लोकल ट्रेनें रायपुर से कोरबा, बिलासपुर और नागपुर के यात्री होंगे प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अंधोसंरचना विकास के कार्यों को पूरा करने रायपुर मंडल के अंतर्गत हथबंद और भाटापारा सेक्शन के बीच रिलीविंग गर्डरों के लॉचिंग का कार्य किया जाएगा। इस वजह से रेलवे प्रशासन ने 14 और 15 फरवरी तक 8 पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है, जिसमें रायपुर से बिलासपुर, गेवरा रोड, इतवारी जाने वाली ट्रेन शामिल है। एक साथ दैनिक ▶▶| शेष पेज 13 पर

### यह ट्रेन रहेगी रद्द


- 14 फरवरी 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 14 फरवरी 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 14 फरवरी को 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 14 फरवरी को 68733 गेवरा रोड -बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।
- 14 फरवरी को 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

▶▶| शेष पेज 13 पर

## रात में ठंडी सुबह गर्मी वाला मौसम, दर्ज हो रहा तापमान में बड़ा अंतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होने से पहले रात में ठंडी और सुबह गर्मी वाला मौसम असर दिखा रहा है। अभी रात और दिन के तापमान में बड़ा अंतर है, जिससे लोगों में सर्दी खांसी की समस्या भी असर दिखा रही है।



पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर की तरह माना में भी न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। ठंड की शुरुआत और विदाई के दौरान मौसम लगभग एक सरीखे का हो जाता है। इस दौरान रात को ठंड का असर होता है, मगर दिन में गर्मी अपना प्रभाव दिखाती है।




## गांजा तस्कर को 10 साल की कैद

**रायपुर।** एक गांजा तस्कर को दस साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट शैलेश शर्मा ने यह फैसला सुनाया है। आरोपी रिचिक अग्रहरि को वर्ष 2021 में केनाल लिंकिंग रोड पंचशील नगर चौक के पास स्विफ्ट डिजायर कार से 14 किलोग्राम गांजा ले जाते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में प्रकरण दर्ज है। इस प्रकरण में पूर्व में रिचिक के अलावा कार चालक मनोज अग्रहरि को भी गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने इस प्रकरण में रिचिक को दोषी पाया है।

## गंडासा लेकर घूमते बदमाश का वीडियो वायरल, गिरफ्तार



**रायपुर।** पुलिस ने गंडासा लेकर घूमते एक बदमाश के सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी भावेश जंघेल उर्फ राहुल रामकुण्ड बगीचापारा थाना आजाद चौक का निवासी है। भावेश का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह गंडासा लेकर आम लोगों को डराते दिखाई दे रहा है। पुलिस ने इस वीडियो के आधार पर उसके विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## भाठागांव से युवक लापता छह दिन से नहीं लौटा घर

**रायपुर।** बीएसयूपी कालोनी भाठागांव निवासी युवक प्रकाश ध्रुव (28) के परिजन उसके लापता होने की बात कहते हुए थाने पहुंचे। जहां लक्ष्मी ध्रुव ने पुरानी बस्ती थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि प्रकाश 4 फरवरी को घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा है। पुलिस इस मामले में गुम इंसान की सूचना दर्ज कर उसकी पतासाजी कर रही है।



## खबर संक्षेप

### सेक्टर छटेरा सेक्टर में 18 तक वजन त्योहार

**आरंग।** सेक्टर छटेरा में 9 से 18 फरवरी तक चलने वाले वजन त्योहार का शुभारंभ जनपद उपाध्यक्ष रिंकू चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए संतुलित पोषण को अनिवार्य बताया। वजन त्योहार के अंतर्गत बच्चों का वजन मापन कर उनके पोषण स्तर की सटीक पहचान की जाएगी तथा कुपोषण से मुक्ति के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं जनप्रतिनिधियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

### भारत रंग महोत्सव के लिए चयनित हुआ चंद्रहास बघेल का नाटक

**अभनपुर।** ग्राम गिरोला के युवा रंगकर्मी चंद्रहास बघेल का नाटक लोक नाट्य नाचा प्रेरणा शो देश के प्रतिष्ठित भारत रंग महोत्सव 2025 के लिए चयनित हुआ है। यह नाटक 15 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) दिल्ली के ओपन एयर कैंपस में प्रस्तुत किया जाएगा। भारत रंग महोत्सव एशिया का सबसे बड़ा थिएटर फेस्टिवल माना जाता है, जहाँ देश-विदेश की चयनित प्रस्तुतियाँ होती हैं। ग्रामीण अंचल अभनपुर से निकलकर इस अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। चंद्रहास बघेल इससे पहले भी संस्कृति मंत्रालय ( सीसीआरटी) व अन्य राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। इस उपलब्धि से अभनपुर सहित पूरे क्षेत्र के रंगकर्मियों में उत्साह और खुशी का माहौल है।

### धान भुगतान में देरी से किसान चिंतित

**आरंग।** धान बिक्री का भुगतान रुके रहने से क्षेत्र के किसान चिंतित हैं। किसान नेता पारसनाथ साहू ने बताया कि 23 जनवरी से समितियों में जिन किसानों ने धान विक्रय किया है, उनके खातों में 17 दिन बीत जाने के बाद भी भुगतान की राशि जमा नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व धान विक्रय के बाद 24 घंटे के भीतर किसानों को भुगतान प्राप्त हो जाया करता था, लेकिन इस बार शासन द्वारा भुगतान में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। भुगतान में देरी के कारण किसानों को दैनिक आवश्यकताओं एवं आगामी कृषि कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान नेता पारसनाथ साहू ने छत्तीसगढ़ शासन से मांग की है कि समितियों में बेचे गए धान का रुका हुआ भुगतान जल्द से जल्द किसानों के खातों में जमा कराया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

### पुणे की मेंटरिंग कार्यशाला में रवि वर्मा हुए शामिल

**आरंग।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ द्वारा देश की प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्था आईसर, पुणे में उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों हेतु मेंटरिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित लगभग 100 व्याख्याताओं ने सहभागिता की। आरंग विकासखंड से महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रीवा के व्याख्याता रवि वर्मा ने इस शैक्षणिक कार्यशाला में भाग लेकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालयीन विज्ञान शिक्षण को अधिक रोचक, प्रयोगात्मक एवं प्रभावी बनाना रहा।

## अपराध : सिलतरा के ढाबे में खूनी खेल, खाना खाने दौरान हुआ था विवाद

# कुत्ते को खाना खिलाने जैसी बात पर युवक की चाकू गोदकर हत्या, दो संदेही हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

राजधानी से लगे औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा व धरसींवा में कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ाते हुए देर रात एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। सिलतरा स्थित एक ढाबे में खाना खाने के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद इस कदर बढ़ा कि शराब के नशे में धुत आरोपियों ने मध्यप्रदेश निवासी एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। इस घटना ने क्षेत्र में देर रात तक संचालित होने वाले ढाबों और वहां पनप रहे अवैध नशे के कारोबार पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान शिव प्रसाद ध्रुव (निवासी अनूपपुर, मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। घटना सोमवार की दरमियानी रात की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि शिव प्रसाद ढाबे पर खाना खा रहा था, इसी दौरान कुत्ते को खाना खिलाने जैसी छोटी सी बात पर वहां मौजूद कुछ लोगों से उसकी कहासुनी हो गई। बहस बढ़ते ही आरोपियों ने चाकू निकाल लिया और शिव प्रसाद पर हमला कर दिया। हमले के बाद युवक लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।



**जल्द होगी गिरफ्तारी**

सिलतरा स्थित ढाबे में हुए विवाद के बाद युवक की हत्या मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदेहियों को हिरासत में लिया है, जिनसे गहन पूछताछ जारी है। शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं और जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। क्षेत्र के ढाबों में अवैध नशे और देर रात संचालन की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए गश्त बढ़ाने और संचालकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम विधिक कदम उठाए जा रहे हैं।

-श्री राजेन्द्र दीवान
थाना प्रभारी धरसींवा

### अवैध बार की तरह सज रहे ढाबे

स्थानीय निवासियों और सूत्रों का कहना है कि धरसींवा से तरपोंगी और सिलतरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हाईवे और औद्योगिक बेल्ट के ढाबों में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आधी रात के बाद भी इन ढाबों को खोलने की खुली छूट मिली हुई है। रात भर इन ढाबों में न केवल खाना परोसा जाता है, बल्कि ये अवैध बार के रूप में तब्दील हो चुके हैं। शराबियों के जमावड़े के कारण आए दिन यहां छींटाकशी और विवाद की स्थितियां निर्मित होती हैं, लेकिन पुलिसिया गश्त न होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

### पुलिस ने दो संदेहियों को दबोचा

हत्या की सूचना मिलते ही धरसींवा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिवत अपराध दर्ज किया जाएगा। हालांकि, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर ग्राम चरौदा (धरसींवा) के दो संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें छापेमारी कर रही हैं। फिलहाल इस पूरे मामले का खुलासा होना बाकी है।

## आरंग-खरोरा सड़क हादसे पर बिफरे लोग, नशेड़ी चालकों पर ठोस कार्रवाई है जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग–खरोरा मुख्य मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद क्षेत्र में शोक के साथ आक्रोश का माहौल है। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत और एक महिला के गंभीर रूप से घायल होने की घटना को लेकर अब सवाल सीधे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि यह हादसा केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि नशे में वाहन चलाने पर प्रभावी नियंत्रण के अभाव का परिणाम है। शनिवार शाम धान से लदे ट्रक द्वारा बाइक सवार तीन लोगों को कुचलने की घटना में एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

घायल महिला रायपुर के अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। इस घटना के बाद गुल्लू सहित आसपास के गांवों में गहरा शोक व्याप्त है। घटना के बाद सामने आया कि ट्रक चालक शराब के नशे में था। ऐसे में यह प्रश्न उठ रहा है कि भारी वाहन चालक नशे की हालत में बिना किसी रोक-टोक के सड़क पर कैसे दौड़ते रहे। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त चेकिंग और निगरानी होती, तो शायद यह जानलेवा हादसा टल सकता था।स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की सक्रियता अक्सर हादसों के बाद ही नजर आती है। ट्रक जब्त करना, चालक को गिरफ्तार करना और जांच शुरू करना पर्याप्त नहीं माना जा रहा। नागरिकों का कहना है कि नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ पूर्व-निरोधात्मक कार्रवाई और नियमित जांच की सख्त जरूरत है।हादसे को लेकर जनभावना इतनी प्रबल है कि अब प्रशासन से जवाबदेही की मांग उठने लगी है। लोगों ने भारी वाहनों की नियमित मेडिकल जांच, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शून्य सहनशीलता नीति लागू करने और ट्रांसपोर्ट कंपनियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है, लेकिन आमजन की नजर अब प्रशासन के अगले कदम पर टिकी है। यह हादसा प्रशासन के लिए एक चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है कि अगर अब भी सख्ती नहीं हुई, तो सड़कें फिर किसी और परिवार की खुशियां छीन सकती हैं।

## पंचमुखी महादेव मंदिर में शक्ति केंद्र आरंग की कार्यकारिणी बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राजा मोरध्वज मानस शक्ति केंद्र आरंग मां कौशिल्या जिला मानस संघ से संबंध दिन मंगलवार को पीपलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में कार्यकारिणी बैठक रखी गई, जिसमें सीताराम यादव, हीरालाल साहू, मानस लोधी, देवशरण साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, अवध विश्वकर्मा, भुवन साहू, उदय साहू, नारद लाल साहू, खिलावन साहू, कुंजलाल यादव, दिनेश पटेल, रोहणी साहू, कुंतीपाल, लाल सिंह साहू, कोमल धीवर, गोविंद देवांगन, मंदिर पुजारी शत्रुघन लोधी सहित सदस्य व पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए मानस शक्ति केंद्र आरंग को सशक्त बनाने का निर्णय लिया। आरंग ब्लॉक में जितनी भी रामायण मंडलियां हैं, उन्हें शक्ति केंद्र से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। शक्ति केंद्र आरंग से जुड़ी रामायण मंडलियों के व्याख्याकारों के लिए मानस संगोष्ठी एवं व्याख्यान प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। आने वाले समय में इस वर्ष ब्लॉक स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर अखंड रामायण प्रतियोगिता, रामायण मंच एवं मानस सम्मेलन मंच का आयोजन तीन या चार गांवों को मिलाकर संयोजन करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। राजा मोरध्वज मानस शक्ति केंद्र आरंग के अंतर्गत तीन रामायण मंडलियों का चयन कर जिला मानस संघ प्रतियोगिता रामायण मंच में प्रस्तुति प्रदान करने हेतु चयन किया जाएगा।

## आत्मानंद स्कूल में फेयरवेल के नाम पर हुड़दंग, छात्रों ने लहराईं लग्जरी कारें, 6 कार मालिकों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

रायपुर जिले के धरसींवा क्षेत्र से एक बेहद विचलित करने वाली घटना सामने आई है, जहां स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित विदाई समारोह के दौरान मर्यादा और सुरक्षा की तमाम सीमाएं लांघ दी गईं। 'फेयरवेल' के नाम पर स्कूली छात्रों ने स्कूल को स्टंट का अखाड़ा बना दिया और अपनी जान जोखिम में डालकर सोशल मीडिया के लिए रील बनाई। मंगलवार को धरसींवा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छह अलग-अलग वाहनों के मालिकों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। विदित हो कि यह पूरा मामला कुंरा स्थित स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल का है, जहां कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। इस दौरान छात्र एक-दो नहीं बल्कि दर्जन भर से अधिक लग्जरी कारों में सवार होकर स्कूल परिसर और मुख्य मार्गों पर निकले। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि छात्र तेज रफ्तार कारों की खिड़कियों से बाहर लटककर और छतों पर बैठकर खतरनाक तरीके से स्टंट कर रहे थे। यातायात नियमों को ठेंगा दिखाते हुए इन वाहनों को स्कूल पर दौड़ाया गया, जिससे न केवल छात्रों की जान को खतरा पैदा हुआ, बल्कि उपस्थित अन्य विद्यार्थियों की सुरक्षा भी दांव पर लग गई।



### पलको में गहरा रोष

इस घटना ने अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों के बीच भारी रोष पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि जिस उद्देश्य से शासन ने आत्मानंद स्कूलों की स्थापना की थी, वहां अब अनुशासन पूरी तरह से पटरी से उतर चुका है। 'रॉकस्टार कल्चर' के इस प्रदर्शन ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा कर दिया है।

**नहीं बख्शा जाएगा**

धरसींवा पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सार्वजनिक सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी और वाहनों की जब्ती की प्रक्रिया में जुट गई है।

श्री राजेन्द्र दीवान
थाना प्रभारी धरसींवा

### शिक्षकों ने तालियां बजा कर किये स्वागत

हैरान करने वाली बात यह रही कि जहां एक ओर छात्र मौत को दावत दे रहे थे, वहीं शिक्षा के केंद्र में मौजूद शिक्षक उन्हें रोकने के बजाय तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन कर रहे थे। शिक्षकों की इस संवेदनहीनता ने स्कूल प्रबंधन की भूमिका पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि कारों के साथ-साथ ट्रैक्टर का उपयोग भी इस खतरनाक स्टंटबाजी में किया गया।

### धरसींवा पुलिस ने किया मामला दर्ज

स्वामी आत्मानंद स्कूल नगर पंचायत कुरा में स्कूल परिसर के भीतर विदाई समारोह (फेयरवेल) के दौरान छात्रों द्वारा किए गए खतरनाक स्टंट का मामला अब थाने पहुंच गया है। स्कूल में जश्न के नाम पर लग्जरी गाड़ियों से किए जा रहे जानलेवा करतबों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद धरसींवा पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) की धारा 281, 125 और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई की जद में आधा दर्जन वाहन आए हैं, जिनमें **CG** 04 **QK** 3392, **CG** 04 **QP** 0235, **CG** 04 **QL** 5633, **CG** 04 **ND** 5803, **CG** 10 **AZ** 1010 और **CG** 04 **QG** 3254 शामिल हैं। स्कूल जैसे शैक्षणिक संस्थान के भीतर सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर किए गए इस हुड़दंग पर पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार किया है। विभाग का कहना है कि रील और टशन के चक्कर में जान जोखिम में डालने वाले ऐसे कृत्यों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## उल्बा में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम पंचायत उल्बा में दो दिवसीय भव्य मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मानस के विद्वानों द्वारा भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जीवन कथाओं का भावपूर्ण विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। मानस गान के साथ प्रस्तुत की गई जस झांकी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत उल्बा के सरपंच एवं भाजपा नेता नेहरू लाल साहू ने विजेता मानस मंडलियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "रामचरितमानस मर्यादा की पाठशाला है, जिसका प्रत्येक अंश जीवन में अनुकरणीय है। इसके दोहा, चौपाई और छंदों में मानवता और सदाचार का भाव निहित है। इस अवसर पर जनपद सदस्य रानी सोनवानी, राकेश दुबे, उपसरपंच सुशीला सोनवानी, भुनेश्वरी तारक, ओमेश्वरी तारक, गायत्री तारक एवं मोगरा ध्रुव एवं जेठू लाल तारक, आनंद साहू, नकुल रिगरी, होरीलाल साहू, देवघर साहू, गोविंदराम साहू, कल्याण सिंह, लोकेश यादव, भोजेश्वर तारक, गुलाब साहू, ऋतुराज ध्रुव, देवानंद ध्रुव, राजेश तारक, गोविंदराम ध्रुव, तोरण साहू सहित जय मां उल्बहीन मानस समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## अमेरी स्कूल में 10वीं के छात्रों को दी गई विदाई

**आरंग।** शासकीय हाई स्कूल अमेरी में 10 फरवरी को कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास, सौहार्द एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के सम्मान तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला समिति अध्यक्ष गोपाल वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विक्रम वर्मा, प्राचार्य डॉ. उर्मिला पाण्डेय एवं वरिष्ठ शिक्षक बी.एल. लसेल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य एवं भावनात्मक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर अतिथियों एवं प्राचार्य महोदया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा जीवन में परिश्रम,



अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय से प्राप्त शिक्षा ही विद्यार्थियों के जीवन की मजबूत नींव है, जो उन्हें आगे बढ़ने की दिशा प्रदान करती है। विदाई ले रहे विद्यार्थियों ने भी अपने विद्यालयीन अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। भावुक क्षणों के बीच यह विदाई समारोह विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए अविस्मरणीय स्मृति बन गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभा सिंह, अंजना साव, हेमलता सिंह, प्रियंका वैष्णव तथा सांस्कृतिक प्रभारी नम्रता श्रीवास का विशेष योगदान रहा।

## खैरखूंट में भव्य कलश यात्रा के साथ कबीर सत्संग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम खैरखूंट में भव्य कलश यात्रा के साथ त्रिदिवसीय संगीतमय सदगुरु कबीर सत्संग समारोह प्रारम्भ हुआ। प्रथम दिन महंत रामनाथ साहेब भिलौरी ने अपने मुख से कबीर साहेब के वचनों का बखान किया। उन्होंने वर्तमान समय में शादी विवाह में हो रहे आडंबर पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हम सब मर्यादा में रहकर समाज को अच्छी दिसा दे सकते है। आज के युवा पीढ़ी को कबीर प्रसंग के माध्यम से अच्छा मार्ग में चलने राह बताया। संस्कार वान बनो अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करो।





## दिल्ली में पायलट से मिले राजेंद्र पप्पू बंजारे सौंपा 2 महीने का संगठनात्मक रिपोर्ट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आज दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान श्री बंजारे ने पिछले 2 महीनों में जिले में किए गए संगठनात्मक कार्यों, मनरेगा बचाओ संग्राम,एस आईआएआर पर मतदाताओं का नाम काटे जाने पर आंदोलन रायपुर जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर पार्टी की गतिविधियों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की मजबूती के लिए उठाए गए कदमों का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड सौंपा।

मुलाकात के दौरान श्री पायलट ने रायपुर ग्रामीण जिले में संगठन सृजन अभियान के तहत की गई प्रगति की सराहना की तथा आगामी लोकसभा/विधानसभा चुनावों में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए और अधिक सक्रियता बरतने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जन-समस्याओं विशेषकर मनरेगा, किसान कल्याण, बेरोजगारी तथा कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर आंदोलन एवं जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया।

श्री राजेंद्र पप्पू बंजारे ने मुलाकात को अत्यंत प्रेरणादायक बताते हुए कहा सचिन पायलट जी के मार्गदर्शन में हम रायपुर ग्रामीण जिले में पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। पिछले दो महीनों में ब्लॉक-मंडल स्तर पर पदाधिकारियों के पदभार ग्रहण, कार्यकर्ता संवाद, मनरेगा बचाओ संग्राम जैसी गतिविधियों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। रिपोर्ट कार्ड में इन सभी प्रयासों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया है। इस मुलाकात से जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के कार्यकर्ताओं में और अधिक उत्साह एवं एकजुटता का संचार हुआ है। पार्टी आगामी समय में ग्रामीण छत्तीसगढ़ की जन-भावनाओं को मजबूती से उठाते हुए संगठन को और सशक्त बनाने की दिशा में कार्यरत रहेगी।

## पीएमश्री के वार्षिकोत्सव को गीत लोक नृत्य और नाटकों से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय अभनपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रंग ए संस्कृति थीम पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मंच के माध्यम से भारतीय संस्कृति के विविध रंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक लोकनृत्यों, लोकगीतों तथा देशभक्ति से ओतप्रोत नाटक एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र कुमार साहू ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं तथा निरंतर आगे



बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यार्थियों द्वारा भारत के विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की गई, जिससे एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना सशक्त रूप में उभरकर सामने आई। इस अवसर पर शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संस्था प्रमुख डॉ. तारा त्रिपाठी ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, उपाध्यक्ष बलविन्दर गांधी,नीलकमल गिलहरे ,एसएमसी अध्यक्ष गोयाल भट्ट, पार्षद बीरेन्द्र प्रताप सिन्हा, मीना साहू, चंपा लेदेकर,रूपनारायण साहू, सांसद प्रतिनिधि किशन शर्मा,सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी,शिक्षक हेमंत साहू,पार्थ वैष्णव,बीईओ धनेश्वरी साहू, , राकेश साहू बीआरसी राजेश साहू ,सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### मील का पत्थर है मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 10 फरवरी को रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से सफल रहा। इस कार्यक्रम में रायपुर में 1316 जोड़ों सहित प्रदेशभर से कुल 6412 से अधिक जोड़े विवाह के पवित्र बंधन में बंधे और हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। उत्कल महिला महामंच की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत ने आयोजन की अभूतपूर्व सफलता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना समाज में समानता एवं समरसता को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक स्वीकार्यता को मजबूत करने की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है। कार्यक्रम में सहायता राशि के माध्यम से शासन ने जरूरतमंद परिवारों का वास्तविक सहयोग किया है।

## निधन

### सुरेश ठाकुर



रायपुर। नया पारा बंजारी मंदिर निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश ठाकुर का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 फरवरी को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष दिनेश ठाकुर के बड़े भाई, राजा दाऊ गोलू के चाचा तथा लकी ठाकुर के बड़े पिता थे।

### प्रतीक पाल



रायपुर। राजेंद्र नगर निवासी प्रतीक पाल (24) का 10 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 फरवरी को सुबह 10 बजे सेंट पॉल्स प्रभु वाटिका अरविंद नगर टिकरापारा के लिए निकलेगी। वे अजय पाल एवं नविता पाल के पुत्र थे।

### शोभा बैदमुथा



रायपुर। बजाज कॉलोनी निवासी शोभा बैदमुथा (79) का 10 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे राजेश, आदेश एवं संदेश की माता थीं।

# उत्तरपुस्तिकाएं जांचने केंद्र नहीं जाएंगे शिक्षक, मूल्यांकनकर्ताओं के लिए भी हेल्पलाइन नंबर

## वर्तमान सत्र से ही लागू होगा ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम, तेजी लाने प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शिक्षकों को उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए अब केंद्र नहीं जाना होगा। वे घर बैठे ही छात्रों की कॉपियां जांच सकेंगे। सीबीएसई ने 2026 से ही कक्षा 12वीं की कॉपियों की जांच ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम से करने का निर्णय लिया है। पूर्व में इसे लेकर असमंजस की स्थिति थी कि कॉपियां का मूल्यांकन वर्तमान सत्र से किया जाएगा अथवा अगले सत्र से इसे लागू करेंगे। अब बोर्ड ने इसे लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी है। बोर्ड का मानना है कि डिजिटल मूल्यांकन से गलतियां कम होंगी, जांच तेज होगी और शिक्षक अपने स्कूल से ही कॉपियां चेक कर सकेंगे।

### 17 से प्रारंभ होंगी परीक्षाएं

सीबीएसई द्वारा जारी डेटशीट के अनुसार, साल 2026 की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होंगी। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 11 मार्च को खत्म होंगी, जबकि कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 10 अप्रैल तक चलेंगी। इसी सत्र से कक्षा 12वीं की कॉपियां डिजिटल तरीके से जांची जाएंगी, जो इस बदलाव की शुरुआत मानी जा रही है। ऑन-स्क्रीन मार्किंग एक डिजिटल मूल्यांकन प्रक्रिया है। इसमें छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन करके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया जाता है। फिर शिक्षक कंप्यूटर या लैपटॉप पर लॉगिन करके सीधे स्क्रीन पर ही उत्तरों को पढ़ते हैं और अंक देते हैं। इस तरीके से कॉपियों को एक जगह से दूसरी जगह भेजने की जरूरत कम हो जाती है और जांच प्रक्रिया तेज हो जाती है। सीबीएसई ने 9 फरवरी को जारी अपने सर्कुलर में बताया कि यह सिस्टम मैन्युअल जांच में होने वाली आम गलतियों और देरी को कम करने में मदद करेगा।



### जरूरी है 4 जीबी रैम

बोर्ड के मुताबिक यह डिजिटल तरीका पर्यावरण के लिए भी बेहतर है, क्योंकि इसमें कागज और ट्रांसपोर्ट कम होगा। ऑन-स्क्रीन मार्किंग को सही तरीके से लागू करने के लिए सीबीएसई ने स्कूलों को कुछ जरूरी डिजिटल सुविधाएं तैयार रखने को कहा है। इनमें कई चीजें शामिल हैं, जैसे- कंप्यूटर लैब जिसमें पब्लिक स्टैटिक आईपी उपलब्ध हो। ऐसे कंप्यूटर या लैपटॉप जिनमें विंडोज ओएस 8 या उससे ऊपर का वर्जन हो, कम से कम 4 जीबी रैम और 1 जीबी खाली स्पेस हो, अपडेटेड इंटरनेट ब्राउजर और बिना रुकावट बिजली सप्लाई की भी व्यवस्था करना होगी। सीबीएसई ने यह भी कहा है कि ऑन-स्क्रीन मार्किंग को सफल बनाने के लिए कई ड्राई रन आयोजित किए जाएंगे। शिक्षकों के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम, निर्देशात्मक वीडियो और तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए कॉल सेंटर भी शुरू किया जाएगा।

ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का आशय है कि अब कॉपियों की जांच डिजिटल तरीके से कंप्यूटर स्क्रीन पर होगी। हालांकि, बोर्ड ने साफ किया है कि कक्षा 10वीं की उत्तर पुस्तिकाएं अभी भी पुराने तरीके से यानी फिजिकल मोड में ही जांची जाएंगी। दसवीं कक्षा का डिजिटल मूल्यांकन अगले सत्र से संभावित है। गौरतलब है कि सीबीएसई हर साल भारत समेत 26 देशों में कक्षा 10वीं और 12वें की बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करता है। इन परीक्षाओं में करीब 46 लाख छात्र शामिल होते हैं। इतने बड़े स्तर पर कॉपियों की जांच को आसान, तेज और पारदर्शी बनाने के लिए ही ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम लागू किया जा रहा है।

## पुलिस ने चोरों के कब्जे से जब्त किए 28 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवर, नकदी

# रील्स देख कर चोरी के गुर सीखे आठ मामलों में सात शातिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ग्रामीण तथा शहरी थाना क्षेत्र में चोरी के आठ प्रकरण में पुलिस ने एक नाबालिग सहित सात शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 28 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी जब्त की है।

- दर्जनभर से ज्यादा चोरी की घटनाओं में शातिर संजय नेताम भी चोरी के आरोप में गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में एक दर्जन से ज्यादा चोरी के वारदात में शामिल संजय नेताम को भी पुलिस ने चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार किया है। चोरी के प्रकरणों को सुलझाने क्राइम तथा पुलिस की सौ टीम गठित की गई थी। टीम ने घटना स्थल तथा आसपास के सीसीटीवी फूटेज के माध्यम से चोरों के बारे में जानकारी जुटाकर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद यह पहला मौका है जिसमें शहरी के साथ ग्रामीण थानों की पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया है।

चोरी के प्रकरणों का खुलासा करते हुए क्राइम डीसीपी राजनाला स्मृतिका ने बताया है कि जिन चोरों को गिरफ्तार किया है, उन चोरों ने हाल के दिनों में खम्हारडीह, डीडी नगर, पुरानी बस्ती, आरंग, विधानसभा, पंडरी रायपुर सहित बलौदा बाजार के पलारी में सूने मकान तथा दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए तीन चोर जल्दी पैसा कमाने के लालच में रील्स देख चोरी करने इंस्पायर हुए थे।



### रील देख ऐसे करते थे चोरी

चोर अपने साथी के साथ एक बाइक में ज्वेलरी शॉप पहुंचता है। बाइक चला रहा युवक अपने साथी को ज्वेलरी शॉप से कुछ दूर पहले बाइक से उतार देता था। इसके बाद युवक ज्वेलरी शॉप में ज्वेलरी खरीदने के बहाने जेवर देखता था। इस दौरान चोर दुकानदार को उलझाकर ज्वेलरी लेकर तेजी से भाग कर बाहर बाइक स्टार्ट कर खड़े अपने साथी के साथ उस पर सवार होकर फरार हो जाता था।

### चोरी के आरोप में इनकी गिरफ्तारी

- खम्हारडीह एवं डीडी नगर - संजय नेताम उर्फ गोलू
- पुरानी बस्ती - भूपेंद्र पटेल उर्फ गजनी, करण टांडी
- आरंग, पंडरी एवं पलारी - प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, रितेश कुर्रे तथा एक अन्य नाबालिग

### रील्स देख चोरी करने का तरीका सीखा

आरंग, पंडरी तथा पलारी थाना क्षेत्र में चार ज्वेलरी शॉप में चोरी के आरोप में पकड़े गए शातिर जिसमें एक नाबालिग शामिल है, वह साबुन फैक्ट्री में काम करते हैं। उन लोगों ने जल्द पैसा कमाने के लालच में पहले सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाने की सोचा। इस दौरान उन लोगों ने यू-ट्यूब में उत्तरप्रदेश का एक रील देखा, जिसमें चोर ज्वेलरी शॉप में चोरी करने बाद कैसे फरार होते हैं, उसका तरीका सीखा। इसके बाद उन लोगों ने उसी पैटर्न में चोरी करने का तरीका सीखा और आरंग के दो ज्वेलरी शॉप में चोरी करने पहुंचे। एक में सफल हो गए, लेकिन दूसरे में दौड़ाए जाने पर सोने का मंगल सूत्र फेंक कर फरार हो गए।

### पुलिस से बचने जेवर को गड्ढे में दबाया

रील्स देख कर चोरी करने वाले जिन तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनका यह पहला अपराध है। शातिर ज्वेलरी शॉप में चोरी करने के बाद चोरी के जेवर को अपने गांव के तालाब के पास गड्ढा कर दबा दिया था। बदमाशों द्वारा चोरी के जेवर को गड्ढा कर छिपाने का कारण पकड़े जाने पर माल की बरामदगी होने से बचाना था। बदमाशों की सोच थी कि जेल से छूटकर आने के बाद गड्ढे से जेवर निकाल कर उसे बेचकर पैसा हासिल करना रहा।

# 36 दुकानों वाला नया मटन मार्केट तैयार एक करोड़ 98 लाख रुपए की लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के शास्त्री मार्केट के पास 1 करोड़ 98 रुपए लाख की लागत से नवनिर्मित मटन मार्केट बनकर तैयार हो रहा है। माहांत तक इसका लोकार्पण करने की तैयारी है। इस मार्केट में तीन दर्जन मटन विक्रेताओं को एक छत के नीचे 36 दुकानें सुव्यवस्थित रूप से उपलब्ध होंगी। इससे उन्हें अपना व्यवसाय करने में आसानी होगी। 6000 वर्गफीट जगह पर नए मटन मार्केट का निर्माण कराया गया है।

- अमरदीप टाकीज के सामने का मटन मार्केट होगा सुव्यवस्थित

राजधानी के अमरदीप टाकीज के सामने खुले में बिक रहे मांस-मटन का व्यवसाय अब सुव्यवस्थित रूप से संचालित होगा। इसके लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर की स्वच्छता और मटन विक्रेताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए हाइजेनिक मटन मार्केट का निर्माण कराया है। जिसमें 36 दुकानें मटन विक्रेताओं के लिए रहेगी, साथ ही बाजार क्षेत्र में आने-जाने वालों के लिए बेसमेंट पार्किंग की सुविधा मिलेगी। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने नए मटन मार्केट निर्माण के लिए मेसर्स मनीष अग्रवाल को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है।



### 36 दुकानों का नगर निगम करेगा आवंटन

शहर के मध्य नवनिर्मित मटन मार्केट में बनाई गई 36 दुकानों का आवंटन रायपुर नगर निगम के बाजार विभाग के माध्यम से होगा। इसके लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा नगर निगम को पत्र लिखा जा रहा है।

अनुबंधित एजेंसी ने मटन मार्केट निर्माण का 90 फीसदी काम पूरा कर लिया है, बाकी के दस फीसदी कार्य के तहत बाहर के हिस्से में पुट्टी, रंगाई का कार्य, बेसमेंट फ्लोरिंग और छूटे हुए हिस्से में ग्रेनाइट लगाने का काम चल रहा है। प्रोजेक्ट से जुडे.अधिकारियों का कहना है माहांत तक नए मटन मार्केट लोकार्पण के लिए तैयार हो जाएगा।

## बिजनेस साइट

### 'नियो मो बाय सुमीत बाजार' का शुभारंभ आज

रायपुर। युवाओं की पसंद और बदलते फैशन ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए आज 11 फरवरी को कलर्स मॉल के सेकेंड फ्लोर पर 'नियो मो बाय सुमीत बाजार' का भव्य शुभारंभ किया जाएगा। इस नए स्टोर में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए ट्रेंडिंग और स्टाइलिश फैशन आइटम्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध रहेगी, जो ग्राहकों को एक नया और आधुनिक शॉपिंग अनुभव प्रदान करेगी। सुमीत बाजार के संचालक संयम कांकरिया ने कहा कि हर ग्राहक को सही दाम पर गुणवत्तापूर्ण प्रोडक्ट उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता रही है। यही सोच सुमीत बाजार को लगातार आगे बढ़ा रही है और अब 'नियो मो' के रूप में एक नई पहचान के साथ ग्राहकों के सामने आ रही है। 'न्यू स्टाइल्स, न्यू वाइब्स' की थीम पर आधारित यह स्टोर युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित करेगा। स्टोर प्रबंधन ने सभी फैशन प्रेमियों का स्वागत करते हुए बेहतर अनुभव का भरोसा दिलाया है।




### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स में छत्तीसगढ़ का पहला एबीओ-इनकम्पैटिबल पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट सफल



रायपुर। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और उपलब्धि दर्ज करते हुए छत्तीसगढ़ का पहला एबीओ-इनकम्पैटिबल पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया है। यह जटिल सर्जरी 1.5 वर्ष के एक बच्चे पर की गई, जो जन्म से गंभीर लिवर रोग, पीलिया, संक्रमण और अत्यंत कम हीमोग्लोबिन जैसी समस्याओं से पीड़ित था। रक्त समूह मेल न खाने के कारण पारंपरिक ट्रांसप्लांट संभव नहीं था, ऐसे में विशेषज्ञों की टीम ने अत्यंत दुर्लभ और जोखिमपूर्ण एबीओ-इनकम्पैटिबल ट्रांसप्लांट का निर्णय लिया। उन्नत तकनीक, सटीक सर्जिकल योजना और मल्टीडिसिप्लिनरी टीमवर्क के माध्यम से पिता द्वारा दान किए गए लिवर के हिस्से से यह सर्जरी सफल रही। सर्जरी के बाद बच्चे की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और उसे स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ और आसपास के राज्यों के लिए उन्नत पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट सुविधाओं को और सुलभ बनाती है।


### अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम




रायपुर। अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा मिर्गी (एपिलेप्सी) के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पूरे दिन विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मिर्गी से जुड़ी भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर कर आमजन को सही जानकारी एवं प्राथमिक उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल परिसर में 'मिर्गी के दौरे में प्राथमिक उपचार' विषय पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें डूज एंड डोंट्स, सुरक्षा उपायों और आपात स्थिति में सही प्रतिक्रिया की जानकारी दी गई। वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. छत्रपाल सिंह साहू ने कहा कि मिर्गी कोई अभिशाप नहीं, बल्कि एक चिकित्सीय स्थिति है, जिसका सही इलाज संभव है। नियमित दवा, चिकित्सकीय निगरानी और स्वस्थ जीवनशैली से मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं। अस्पताल द्वारा हेल्प डेस्क की स्थापना, जानकारीपूर्ण पंपलेट्स का वितरण, पोस्टर निर्माण गतिविधि और सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता संदेश फैलाए गए।

### बिजली महंगी हुई तो उद्योग चौपट हो जाएंगे : उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन

रायपुर। उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने सीएसपीडीसीएल द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित लगभग 24 प्रतिशत विद्युत टैरिफ वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विनी गर्ग ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले से ही उद्योगों के लिए विद्युत दरें देश के अन्य राज्यों की तुलना में अधिक हैं। वर्तमान में औद्योगिक टैरिफ 8 से 10 रुपए प्रति यूनिट है, जो प्रस्तावित वृद्धि के बाद सभी करों सहित 12 से 14 रुपए प्रति यूनिट तक पहुंच सकता है। अध्यक्ष अश्विनी गर्ग ने इसे उद्योगों के लिए आत्मघाती कदम बताते हुए कहा कि इससे प्रदेश के उद्योग प्रतिस्पर्धा से बाहर हो जाएंगे और उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ेगा। वैश्विक कारणों से पहले ही उद्योग जगत कठिन दौर से गुजर रहा है, ऐसे में अतिरिक्त भार उद्योगों को चरमरा देगा। उन्होंने कहा कि एक ओर राज्य सरकार बाहरी निवेश आकर्षित करने का प्रयास कर रही है, वहीं इस तरह की वृद्धि से निवेशक हतोत्साहित होंगे। एसोसिएशन ने शासन से आग्रह किया है कि उद्योग हित में इस वृद्धि पर पुनर्विचार किया जाए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कैप्टिव सौर ऊर्जा को प्रोत्साहन दिया जाए।



### गैंग-कल्चर वाले स्टूडेंट्स ....

के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा स्कूल में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने कहा गया है। छात्रों को मोबाइल के दुरुपयोग से होने वाली साइबर बुलिंग, अश्लील कंटेंट, ऑनलाइन गेमिंग-सट्टा, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट जैसे अपराधों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पेज 11 के शेष ...

### बस स्टैंड बना नशे ....

ओड़िशा, मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों से पहुंच रहा सूखा नशा - राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य कई जिलों में यात्री बसों के माध्यम से सूखा नशा का कारोबार हो रहा है। यह कारोबार इतना ज्यादा फैल रहा है कि अब लोग बेधड़क होकर बसों से भी गांजा की तस्करी कर रहे हैं। इस तस्करी में लोग गांजा को छिपाने के लिए स्कूल बैग, झोला, ट्राली बैग सहित अन्य कई चीजों का इस्तेमाल भी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अंतर्राज्यीय बसस्टैंड में इससे पहले भी गांजा के साथ कई लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। गांजा के साथ पकड़े गए आरोपियों में ज्यादातर दूसरे राज्य के रहवासी हैं। इससे पता चलता है कि रायपुर सहित प्रदेश में आने वाला गांजा ज्यादातर ओड़िशा और मध्यप्रदेश से लाया जा रहा है।

### स्कूल बैग-झोले में ....

भरा हुआ मिला, जिसकी कीमत तीन लाख रुपए है। इन आरोपियों की पहचान पिंकी हरिजन पति देवानंद मंडल 22 वर्ष निवासी ग्राम गोईपटा मुसैना थाना लांजीगढ़ जिला कालाहांडी ओड़िशा हाल पता सिलतरा धरसींवा, क्षीतिज प्रताप सिंह 22 वर्ष निवासी थाना गमापुर जिला जबलपुर मध्यप्रदेश, रामकृष्ण तिवारी 29 वर्ष निवासी ग्राम बेरिया थाना मऊगंज जिला रीवां मध्यप्रदेश हाल पता सिलतरा रायपुर के अलावा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। नाबालिग लड़का भी गमापुर थाना बेलबाग जिला जबलपुर मध्यप्रदेश का रहने वाला है।

### सूखे नशे में ....

पर रखकर पाइप के माध्यम से उसे नाक के अंदर खींच रहा है। इस विडियो को देखकर पता चलता है कि ड्रग्स बहुत आसानी से लोगों को मिल जा रहा है और लत की वजह से वे किसी भी जगह पर नशा करने लगे हैं। यह विडियो भी शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है, लेकिन पुलिस का कहना है कि इस तरह का कोई विडियो उन तक नहीं पहुंचा है और न ही कोई शिकायत आई है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा कोई विडियो वायरल हुआ है, तो इसकी जांच कर युवक का पता लगाकर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ***इससे पहले भी कई विडियो आ चुके सामने*** : ड्रग्स लेने का यह पहला विडियो वायरल नहीं हुआ है। इससे पहले भी इस तरह के कई विडियो वायरल हो चुके हैं। कुछ विडियो के आधार पर पुलिस ने नशा करने वालों को गिरफ्तार भी कर चुकी है। जिस तरह से सोशल मीडिया में सूखा नशा करते युवा पीढ़ी के विडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहे हैं, उसे देखकर यह भी संभावना जताई जा रही है कि सूखे नशे को लेकर अब इससे जुड़े लोग खुद विडियो वायरल कर इसका प्रचार कर रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इसकी लत लगे और कारोबार बढ़ता रहे।

***जांच कर कार्रवाई की जाएगी*** : कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि इस तरह का विडियो वायरल होने की जानकारी नहीं मिली है। अगर ऐसा कोई विडियो वायरल हुआ है, तो इसका पता कर इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### 14 को रद्द ....

9 मेमू ट्रेन के परिचालन प्रभावित होने से हजारों यात्रियों को दिक्कत होगी। लोकल ट्रेनों के रद्द होने से एक्सप्रेस के लोकल डिब्बे में यात्रियों का दबाव बढ़ेगा।

### यह ट्रेन रहेगी रद्द ....

14 फरवरी को 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 0 14 फरवरी को 58205 रायपुर- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर रद्द रहेगी। 0 15 फरवरी को 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी)-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 0 15 फरवरी को 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी।

***बीच में समाप्त होने वाली गाड़ी*** : 14 फरवरी झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर में ही समाप्त होगी यह गाड़ी बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी। 0 14 फरवर 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर गोंदिया के स्थान यह गाड़ी बिलासपुर से ही झारसुगुड़ा के लिए रवाना होगी । इसलिए यह गाड़ी गोंदिया एवं बिलासपुर के बीच रद्द रहेगी।

---

**कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 10/02/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र कुमार शुक्ला पिता श्री वाय. पी. शुक्ला निवासी मोतीनगर शारदा पेट्रोल पम्प के सामने द्वारा आवेदित ग्राम मठपुरैना प.ह.नं. 61 राजस्व निरीक्षक मण्डल-रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 439/37 रकबा क्रमशः 0.0090 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.0090 हे. भूमि के सीमांकन हेतु भूमिस्वामी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका स्थल निरीक्षण व सीमांकन दिनांक 20/02/2026 को समय अपरान्ह 2 AM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त बटांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ:- जिला- रायपुर तहसील धरसींवा प.ह.न.- 00012 मटिया ग्राम के नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202526440718200003**

**// ईश्तहार //**

तहसील धरसींवा के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम मटिया के वर्तमान भूमिस्वामी प्यारेलाल पिता/पति- पिता भूखन पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 96/1 (0.2160), 304/1 (0.2200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता दीपक कुमार डहरिया पिता/पति स्व. भूखन पता-सा. देह के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02/03/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/02/2026 को जारी किया जाता है।

(मुहर) नायब तहसीलदार :
Ashok Kumar Janghel
तहसील धरसींवा

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः जिला रायपुर तहसील-धरसीवा प.ह.न.- 00012 मटिया ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526440718200002

**// ईश्तहार //**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम मटिया के वर्तमान भूमिस्वामी प्यारेलाल डहरिया पिता/पति-स्व. भूखन पता, दीपक कुमार डहरिया पिता/ पति-स्व. भूखन पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 304/2 (0.2020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दीपक कुमार डहरिया पिता/पति-स्व. भूखन पता-सा. देह के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02/03/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/02/2026 को जारी किया जाता है।

(मुहर) नायब तहसीलदार
Ashok Kumar janghel
तहसील धरसींवा

---

**आम सूचना**

सर्वविदित हो कि मेरी पक्षकारा श्रीमती विनीता त्रिवेदी ने टी.आई.सी. केपिटल वेंचर्स भागीदार गुरजीत सिंह राजपाल के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम- फरफौद, प.ह.नं. 22 रा.नि. आरंग तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग की भूमि खसरा नंबर 1048 रकबा 1.7500 हेक्टेयर को क्रय करने की मंशा से आम सूचना का प्रकाशन दिनाँक 17.01.2026 को दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में कराया था। चूँकि मेरी पक्षकार श्रीमती विनीता त्रिवेदी उक्त संपत्ति को क्रय करने में समर्थ नहीं हैं, इसलिए अब मेरी पक्षकारा की, असमर्थता के कारण उक्त भूमि को क्रय करने की कोई मंशा नहीं रह गयी है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त भूमि संपत्ति के क्रय, विक्रय व अंतरण के संबंध में मेरी पक्षकारा को किसी प्रकार की आपत्ति, उजर या उनका कोई हक दावा नहीं है। अतः इस आम सूचना के माध्यम से उपरोक्त संव्यवहार को निरस्त किया जा रहा है। सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग. दिनांक 10.02.2026

भवदीय
अजय अग्निहोत्री
अधिवक्ता/नोटारी ,
कोटा वार्डनंबर 23 शिवमंदिर के पास कोटेश्वर नगर, रायपुर छ.ग.
मो.नं. -8435620714

---

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने विक्रेता अजीज अहमद पिता अब्दुल लतीफ निवासी निशा मंजिल, मयूर क्लब के पास पंडरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की स्वामित्व हक अधिपत्य की परिवर्तित आवासीय भूमि/ संपत्ति जो कि ग्राम घुसेरा प.ह.नं. 19 रा.नि.म. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर में स्थित खसरा नं. 206/19 रकबा 0.0140 हे. अर्थात 1500 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर ब्याना राशि का भुगतान कर दिया है उक्त भूमि का विक्रय विलेख का पंजीयन किया जाना बाकी है।

अतः उक्त सौदा पर जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, वित्ती संस्था, शासन, प्रशासन इत्यादि को उजर, दावा, आपत्ति हो तो मेरे समक्ष इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर मय दस्तावेज लिखित में उजर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मियाद उपरोक्त संपत्ति का संव्यवहार कर बैनामा पंजीयन रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष मे कर लिया जायेगा इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिन के बाद उजर दावा आपत्ति किये जाने पर अवैध, व विधि विरूद्ध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

जिला रायपुर छ.ग.
दिनांक 10.02.2026

भवदीय
लकेश्वर चंद्राकर अधिवक्ता
पता- कक्ष क्रमांक- 109
टेबल नं. 18 प्रथम तल नई बिल्डिंग
सिविल कोर्ट रायपुर छ.ग.
मो.नं. -9827895454

---

**:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::**

(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)

न्यायालयः- कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.

उत्तराधिकार प्र.क्र. -35/2026 प्रो.क्र. 59/06

पेशी तारीख 25.02.2026

शारदा दुबे व अन्य-------------आवेदकगण

बनाम

श्रीमती लता दुबे व अन्य-------अनावेदकगण

प्रति,

आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण

जो कि आवेदकगण के मृतक पति / पिता स्व० पुरूषोत्तम दुबे, के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 25.02.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा।

**नोट:-** यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा ।

यह आज तारीख 03.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 03.02.2026

(मुहर) कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा
षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी रायपुर (छ.ग.)

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सनत कुमार शर्मा पिता- विष्णु धर शर्मा, निवासी ओम सोसायटी, सुन्दर नगर, रायपुर छ.ग.-492013, अपना पुराना नाम सनत कुमार शर्मा पिता- विष्णु धर शर्मा, को त्यागकर नया नाम सनत शर्मा पिता- विष्णु धर शर्मा रख लिया है, अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम सनत शर्मा पिता विष्णु धर शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जावे।

सनत कुमार शर्मा
पिता- विष्णु धर शर्मा,
निवासी- ओम सोसायटी, सुन्दर नगर, रायपुर छ.ग.-492013

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रसूता माताओं को हरियाली की भेंट

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रतिबद्धता के अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन द्वारा "प्रोजेक्ट ग्रीन पालना" अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अभिनव पहल के तहत शासकीय अस्पतालों में प्रसव उपरांत माताओं को फलदार पौधे भेंट स्वरूप दिए जा रहे हैं, ताकि एक नई ज़िंदगी के आगमन के साथ एक नया वृक्ष भी धरती पर जन्म ले। इस अभियान के तहत आज ग्रीन पालना में एमसीएच कालीबाड़ी अस्पताल में 10 प्रसुताओं को 55 पौधे भेंट किए गए।यह प्रयास मातृत्व के साथ प्रकृति से जुड़ाव को भी बढ़ावा देता है। प्रोजेक्ट ग्रीन पालना न सिर्फ नवजात के जीवन की शुरुआत को यादगार बनाता है।

### सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता सुगंधा छग सरकार की स्टैंडिंग काउंसिल नियुक्त

**रायपुर।** रायपुर निवासी वरिष्ठ



अधिवक्ता सुगंधा जैन को एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की स्टैंडिंग काउंसिल के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी इस पुनर्नियुक्ति पर रायपुर सहित पूरे प्रदेश में शुभचिंतकों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, विधि जगत से जुड़े लोगों एवं परिजनों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी जा रही है। उनकी यह पुनर्नियुक्ति महिला अधिवक्ताओं एवं युवा विधि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में देखी जा रही है। इस मौके पर सुगंधा जैन ने छत्तीसगढ़ शासन के विधि विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, "राज्य सरकार द्वारा पुनः मुझ पर विश्वास जताकर यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, जिसके लिए मैं कृतज्ञ हूं। आगे भी पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप राज्य के हित में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती रहूंगी।

### प्रवेश परीक्षा 9 मई को

**रायपुर।** कोमेड-का यूजीईटी, यूनी-गॉज 2026 एंट्रेन्स एग्जामिनेशन 9 मई को आयोजित किया जाएगा, जिसमें रायपुर से 25 हजार विद्यार्थियों के शामिल होने की संभावना है। यह एकीकृत नेशनल-लेवल टेस्ट पूरे भारत में अंडरग्रेजुएट इंजीनियरिंग एडमिशन के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है, जिसके माध्यम से कर्नाटक के 150+ इंजीनियरिंग कॉलेजेज़ और देशभर के 30+ रेप्यूटेड प्राइवेट, सेल्फ-फंडेड और डीम्ड यूनिवर्सिटीज़ में प्रवेश मिलता है। यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए है जो बीई-बी.टेक प्रोग्राम्स में प्रवेश लेना चाहते हैं। ये प्रोग्राम्स कर्नाटक अनएडेड प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजेज़ एसोसिएशन (कूपेका) से संबद्ध संस्थानों और यूनी-गॉज मेंबर यूनिवर्सिटीज़ द्वारा ऑफ़र किए जाते हैं।

### कार के शीशे तोड़ने वाले तीन आरोपी धरे गए

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र अंतर्गत रामनगर वार्ड में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने एक कार के शीशे तोड़ दिए थे। पुलिस ने इस मामले में जांच करते हुए आरोपी धनेश्वर सोनवानी निवासी फेस-1 रावतपुरा कॉलोनी टिकरापारा, शिव सिंह ठाकुर निवासी रावतपुरा कॉलोनी फेस-2 एवं उकेश बघेल निवासी रावतपुरा फेस-1 को गिरफ्तार किया है।

# प्रधान पाठक करता था बच्चियों के साथ अश्लील हरकत, निलंबन की गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नया रायपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चीचा के शासकीय प्राथमिक स्कूल की बच्चियों के साथ स्कूल के प्रधान पाठक द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत बच्चियों के परिजनों सहित ग्रामीणों ने क्षेत्र के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से की थी। इसके बाद अधिकारी ने इसकी जांच भी कराई है, जिसमें प्रधान पाठक पर लगाए गए आरोप सही पाए गए हैं। अधिकारी का कहना है कि जांच प्रतिवेदन के आधार पर उन्होंने प्रधान पाठक को निलंबन करने के लिए रिपोर्ट में लिखा है। इस रिपोर्ट को जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा जाएगा, जिस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

**इस तरह सामने आया मामला :** नया रायपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चीचा स्थित शासकीय प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाली कुछ बच्चियां कुछ दिनों से स्कूल जाने से मना कर रही थीं। इन बच्चियों के परिजन पहले यही समझते रहे कि उनकी बच्चियां शायद स्कूल नहीं जाने का बहाना बना रही हैं, लेकिन बच्चियों के परिजनों ने जब बच्चियों से स्कूल नहीं जाने की वजह पूछी, तो बच्चियों ने प्रधान पाठक द्वारा उनके साथ किए जाने वाले कृत्य की जानकारी दी। बच्चियों की बातें सुनने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। इसके बाद परिजनों ने इस घटना की जानकारी पहले गांव के सरपंच को दी, लेकिन सरपंच ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

इधर इसके बाद परिजनों सहित ग्रामीणों ने इसकी शिकायत क्षेत्र के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा से की। इस शिकायत की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा अधिकारी ने अपने स्तर पर इसकी जांच कराई है, जिसकी रिपोर्ट भी उन्हें प्राप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि इस रिपोर्ट के अनुसार परिजनों के आरोप सही पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधान पाठक जयप्रकाश साहू बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें करता था।

**जांच में परिजनों की शिकायत सही मिली**

**सरपंच ने पल्ला झाड़ा**

इस रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने इस मामले में प्रधान पाठक के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई किए जाने का उल्लेख भी किया है। इधर इस मामले में गांव के सरपंच सुनील डहरिया ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि इस तरह की शिकायत आई है, जिस पर शिक्षा विभाग द्वारा जांच की जा रही है, लेकिन इस मामले में ज्यादा कुछ उन्हें जानकारी नहीं है। उनका यह भी कहना है कि इससे पहले प्रधान पाठक के विरुद्ध इस तरह के कोई आरोप नहीं लगे हैं, इसलिए इस मामले में वे ज्यादा कुछ नहीं बता पाएंगे।



**विभागीय जांच होने की संभावना**

जांच प्रतिवेदन के आधार पर उन्होंने रिपोर्ट बना ली है। इस रिपोर्ट को आज वे जिलाशिक्षा अधिकारी को सौपेंगे। हो सकता है कि इस मामले में विभागीय जांच भी हो।

\- **दिनेश शर्मा,** बीईओ आरंग

## 103 चारपहिया चालक ने दिया शुल्क, 36 लोगों ने कहा- सॉरी, पता नहीं था

# मरीन ड्राइव में पार्किंग स्थल का पूर्व महापौर ढेबर ने किया विरोध, पहले दिन पौने चार सौ वाहन पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव में निगम द्वारा घोषित पार्किंग स्थल का मंगलवार को पूर्व महापौर एजाज ढेबर, पूर्व एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा सहित उनके समर्थकों ने विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। बिना तैयारी और नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए इस फैसले के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इसके साथ ही निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाए। इधर निगम आयुक्त विश्वदीप और महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर बाजार विभाग के कर्मचारियों ने पहले ही दिन 139 चार पहिया और 235 दोपहिया चालकों के वाहन पार्किंग पर रसीद काटी और 103 चार पहिया चालक से पार्किंग शुल्क वसूल किए, वहीं 36 लोगों ने सारी कहते हुए निगम कर्मचारियों से कहा उन्हें पता नहीं था कि यहां पार्किंग शुल्क लगता है, जानकारी नहीं होने से गाड़ी पार्क की। निगम कर्मचारियों ने इन गाड़ियों को एहितायत बरतने की नसीहत देते हुए पहले दिन बिना शुल्क लिए छोड़ दिया, जबकि 235 बाइक सवार में से केवल 60 बाइक सवार ने ही पार्किंग शुल्क चुकाए, 175 बाइक चालक ऐसे रहे जिन्होंने घूमने आने का हवाला, मार्निंग वॉक करने की वजह बताकर पार्किंग शुल्क नहीं दिया।

▪ पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम बाजार विभाग के कर्मचारियों ने काटी रसीदें





तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव पर नगर निगम ने पार्किंग शुल्क की वसूली वाहन चालकों से शुरू कर दी है। मंगलवार से पार्किंग स्थल पर गाड़ी करने वालों से नियम अनुसार शुल्क लिया जा रहा है। मंगलवार को पार्किंग शुल्क वसूली का पहला दिन रहा। इस दिन सुबह 9 बजे से देर शाम तक बाजार विभाग के सेंट्रल व जोन टीम के 8 सदस्य पार्किंग स्थल पर शुल्क वसूलने डटे रहे। इस दौरान सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक 139 कार चालक अपनी गाड़ियों की पार्किंग करने पहुंचे। इनमें से 103 कार चालकों ने बाकायदा पार्किंग शुल्क का भुगतान किया, 36 कार चालक ने ये कहकर पार्किंग शुल्क नहीं दिया कि उन्हें पार्किंग शुल्क की जानकारी नहीं थी। वहीं पार्किंग स्थल पर सुबह से लेकर देर शाम 235 दोपहिया चालक तेलीबांधा के मरीन ड्राइव में पहुंचे। बाकायदा पार्किंग स्थल पर गाड़ी पार्क की। इनमें से केवल 60 दोपहिया चालक ऐसे रहे जिन्होंने गाड़ी पार्क करने का शुल्क जमा किया, वहीं 175 दोपहिया चालक बिना पार्किंग शुल्क दिए वहां से खिसक लिए। उन्होंने ये कहकर पार्किंग शुल्क नहीं दिया कि पहले भी यहां गाड़ी लेकर आते थे तब तो कोई शुल्क नहीं लगता था, अब ये पार्किंग शुल्क क्यों? पार्किंग स्थल पर मौजूद बाजार विभाग के कर्मचारियों ने उन्हें समझाया कि यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के मकसद से नगर निगम ने यहां पार्किंग स्थल बनाया है, इसलिए गाड़ी पार्क करने अब शुल्क देना होगा। पहला दिन होने से समझाइश दे रहे हैं।

**ढेबर ने समर्थकों के साथ किया विरोध**



तेलीबांधा तालाब क्षेत्र में नगर निगम द्वारा दोपहिया वाहनों के लिए 10 रुपए और चारपहिया वाहनों के लिए 20 रुपए पार्किंग शुल्क लगाए जाने के निर्णय का पूर्व महापौर एजाज़ ढेबर ने कड़ा विरोध किया है। इस फैसले के खिलाफ वे अपने समर्थकों के साथ तेलीबांधा तालाब पहुंचे और मौके पर ही नगर निगम प्रशासन के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई। महापौर एजाज़ ढेबर ने कहा कि यह निर्णय बिना किसी ठोस तैयारी,अध्ययन और स्पष्ट नीति के लिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस भूमि पर पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है, क्या वह वास्तव में नगर निगम की है ? श्री ढेबर ने निगम द्वारा जारी पार्किंग निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब वाहन की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं वाहन मालिक के ऊपर डाल दी गई है, तो ऐसे में पार्किंग ठेकेदार की जिम्मेदारी क्या तय की गई है। उन्होंने इसे परिवहन नियमों की अनदेखी बताते हुए कहा कि निगम इस पूरे मामले में स्पष्टता देने में असफल रहा है।

# कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो में महिला सशक्तिकरण को मिला नया आयाम



**रायपुर।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा आयोजित नेशनल ट्रेड एक्सपो में इस वर्ष महिला सशक्तिकरण पर फोकस करते हुए महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी देखने को मिल रही है। विशेष रूप से पिंक पवेलियन तैयार किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ की महिला उद्यमियों को एक सशक्त राष्ट्रीय मंच मिलेगा, जहां वे अपने उत्पादों, हुनर और उद्यमशीलता का प्रदर्शन करेंगी। पिंक पवेलियन में छत्तीसगढ़ की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, पारंपरिक उत्पाद, फैशन, फूड प्रोसेसिंग, होममेड एवं स्टार्टअप आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह पहल महिला व्यापारियों को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि उन्हें नए व्यापारिक अवसर, नेटवर्किंग और बाजार विस्तार का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

▪ पिंक पवेलियन में छत्तीसगढ़ की महिला उद्यमियों की सुंदर भागीदारी

इस अवसर पर कैट महिला अध्यक्ष मधु अरोड़ा ने कहा कि कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो के माध्यम से महिलाओं को एक ऐसा मंच दिया जा रहा है, जहां वे अपने हुनर और व्यापारिक क्षमताओं को पूरे देश के सामने प्रस्तुत कर सकें। पिंक पवेलियन महिला आत्मनिर्भरता और उद्यमिता का सशक्त प्रतीक बनेगा। उन्होंने आगे कहा किआज की महिलाएं केवल घरेलू दायित्वों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे व्यापार, उद्योग और स्टार्टअप की दुनिया में मजबूती से कदम रख रही हैं।

# नगर निगम का खेलकूद विभाग जल्द करेगा इंटर जोन क्रिकेट स्पर्धा

**रायपुर।** नगर निगम का खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग जल्द ही शहर में इंटर जोन क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन करेगा। प्रत्येक 15 सदस्यीय क्रिकेट दल में महिला कर्मचारियों को भी शामिल किया जाएगा। इसका मकसद खेलों में महिला सहभागिता को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए बाक्स क्रिकेट स्पोर्टस के संधारण जोन के माध्यम से किया जाएगा। नगर निगम के खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के सलाहकार समिति की बैठक में इस आशय के निर्णय लिए गए। विभाग के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू अध्यक्षता में मंगलवार को महात्मा गांधी सदन में खेलकूद व युवा कल्याण विभाग के सलाहकार समिति की बैठक हुई। इस बैठक में नगर निगम क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियो के लिए खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन पर विचार विमर्श भी किया गया। रायपुर नगर निगम ने संस्कृति खेलकूद गतिविधियों के विस्तार और युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग की विभागीय सलाहकार समिति की बैठक में सदस्य के रूप में पार्षद ममता तिवारी, राजेश कुमार देवांगन, जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, महेश कुमार ध्रुव, उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर, उपअभियंता रूचिका मिश्रा की उपस्थिति रही।

▪ प्रत्येक 15 सदस्यीय क्रिकेट दल में महिला कर्मचारियों को करेंगे शामिल

**बच्चों के लिए सांगीतिक स्पर्धा, हेरिटेज वॉक का भी आयोजन**

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर गांधी सदन में संस्कृति विभाग के विभागीय सलाहकार समिति की बैठक विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बच्चों की बोर्ड परीक्षाओ के उपरांत संस्कृति विभाग द्वारा प्रस्तावित सांगीतिक स्पर्धा आयोजन करवाने के निर्देश दिये गये। नगर निगम क्षेत्र स्थित शहीद, महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो की मूर्तियोकी साफ सफाई ,रंगरोगन, संधारण, सुवार मरम्मत, छत्र लगवाने का कार्य नए प्रस्ताव के अनुसार करवाने निर्देश दिए। इसके साथ ही नगर वासियों को रायपुर शहर की समृद्ध विरासत से अवगत करवाने हेरिटेज वाक के आयोजन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समिति के सदस्य पार्षद ममता सोनू तिवारी, आनंद अग्रवाल, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, महेश कुमार ध्रुव सहित अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, उपायुक्त डॉ अंजलि शर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महापौर मीनल पहुंचीं ईदगाहभाठा पानी टंकी, एक सवाल- किस इलाके में जा रहा कितना पानी?



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महात्मा गांधी सदन के महापौर कक्ष से बाहर निकलकर महापौर मीनल चौबे मंगलवार को जोन 5 क्षेत्र के ईदगाहभाठा पानी टंकी पहुंचीं। जोन अफसर से महापौर ने पूछा टंकी की क्षमता कितनी, किस इलाके में कितना पानी जा रहा है, कहां पानी नहीं जाना चाहिए? जवाब मिला शहर के आधा दर्जन वार्डो में ईदगाहभाठा पानी टंकी से जल आपूर्ति हो रही है, पानी टंकी 32 लाख किलोलीटर क्षमता की है। किस इलाके में कितना पानी जा रहा है इसका विश्लेषण अभी नहीं हुआ?

महापौर मीनल चौबे ने ईदगाहभाठा पानी टंकी की क्षमता अनुरूप संबंधित इलाकों में जल आपूर्ति करने निर्देश दिए। साथ ही गर्मी के सीजन में जल वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी करने जल विभाग और जल बोर्ड के अधिकारियों को हिदायत दी। किस वार्ड से कितने लोग जल शुल्क जमा कर रहे हैं, कहां से जल शुल्क नहीं आ रहा इसका पूरा ब्योरा उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मांगा है। दरअसल, गर्मी से पूर्व शहर में पेयजल वितरण व्यवस्था मजबूत करने शहरी सरकार अब अपना पूरा फोकस शहर की 45 पानी टंकियों पर करने जा रही है। महापौर मीनल चौबे ने इस बात के संकेत दिए हैं कि मंगलवार को ईदगाहभाठा पानी टंकी से इसकी शुरूआत उन्होंने की है।

▪ टंकी से पानी की खपत पर निगरानी के दिए निर्देश, पेयजल आपूर्ति की ली जानकारी

# योग्यता के अनुसार ड्यूटी लगाने ज्ञापन

**रायपुर।** जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर किए हुए चिकित्सकों की ड्यूटी उनके विशेषज्ञता के संबंधित विभाग में न लगाकर कैजुअल्टी में सीएमओ के रूप में लगाई जा रही है। इन स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संख्या में स्नातक चिकित्सक पदस्थ हैं, जिनसे आपातकालीन कैजुअल्टी ड्यूटी कराई जा सकती है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडेरशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने बताया कि संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि इस व्यवस्था के कारण शासकीय चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बनी रहती है। जिससे मरीजों को विशेषज्ञ सेवाएं समय पर प्राप्त नहीं हो पातीं और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे संबंधित विभाग में कार्य न करने से उनकी क्लीनिकल स्किल में भी क्षति होती है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव भविष्य में मरीजों की चिकित्सा गुणवत्ता पर पड़ सकता है। इस विषय पर संज्ञान लेते हुए आपातकालीन ड्यूटी एमबीबीएस डाक्टरों से कराई जाए तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी सभी स्वास्थ्य केंद्रों में उनकी संबंधित विशेषज्ञता के विभाग में ही लगाई जाए।







# सिगरेट पीने से मना करने की बात पर युवक पर जानलेवा हमला, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के नयापारा इलाके में चार युवकों ने मिलकर एक युवक की बेदम पीटाई कर दी, जिससे उसका सिर भी फट गया। इस घटना के बाद घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है, वहीं पुलिस ने वारदात में शामिल चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह घटना 8 फरवरी की रात करीब साढ़े दस बजे की है। गोलबाजार थाना प्रभारी ने बताया कि घायल युवक विनय उर्फ राजा सोनी नयापारा में एक चाय दुकान के पास खड़ा होकर सिगरेट पी रहा था। इसी दौरान वहां खड़े चार युवक शुभम, विष्णु उर्फ वंसू, पीयूष एवं आरके मिश्रा ने उसे घर के पास सिगरेट पीने से मना किया। उनकी बात सुनकर इससे पहले कि वह वहां से जाता, सभी आरोपियों ने मना करने के बाद भी सिगरेट पी रहे हो कहकर उसके साथ विवाद करना शुरू कर दिया। इस विवाद के दौरान सभी युवकों ने मिलकर राजा सोनी की हाथ-मुक्का और डंडे से बेदम पिटाई कर दी।



इस मारपीट में राजा के सिर, कान, हाथ पर गंभीर चोट लगी हैं, जिससे वह खून से लथपथ हो गया। बताया जा रहा है कि मोहल्ले में रहने वाले कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। इधर पुलिस ने घटना के बाद सभी आरोपियों की तलाश कर गिरफ्तार कर लिया है। उनके विरुद्ध धारा 296, 351-2, 109-3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

हरिभूमि


रायपुर, बुधवार 11 फरवरी 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



स्पेस सेंटर में 3 दिन स्कूली बच्चे करेंगे...

## एजुकेशन अलर्ट

### भारत में कई स्वास्थ्य विषयों पर लोग खुलकर बात नहीं कर पाते, इसलिए जागरूकता फैलाना जरूरी




**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर द्वारा द डियर फाउंडेशन, स्विट्ज़रलैंड के सहयोग से ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। यह पहल ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने, शीघ्र पहचान तथा निवारक देखभाल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई, ताकि लोगों को समय पर जीवनरक्षक जानकारी मिल सके। ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस शिविर के शुरुआत में डॉ. अनूप कुमार तिवारी ने विशिष्ट अतिथियों का परिचय देते हुए फाउंडेशन की प्रेरणा और उद्देश्य के बारे में बताया । डॉ. समीर बाजपेई ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता शिविर समाज में निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में कई स्वास्थ्य विषयों पर लोग खुलकर बात नहीं कर पाते, इसलिए विद्यार्थियों को जागरूकता फैलाने का माध्यम बनना चाहिए, क्योंकि एक जागरूक विद्यार्थी हजारों लोगों तक सही जानकारी पहुंचा सकता है। सोनजा डिनर ने कहा कि यह पहल केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा और जागरूकता से भी जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि भारत में ब्रेस्ट कैंसर के कारण अनेक महिलाओं की मृत्यु होती है, जबकि समय पर पहचान से इसे रोका जा सकता है। उन्होंने सभी महिलाओं को महीने में एक बार स्वयं जांच करने और किसी भी असामान्यता पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करने की सलाह दी । इस दौरान विशेषज्ञों ने 'डियर यू' मोबाइल ऐप की जानकारी भी दी।

#### महिलाएं घर बैठे स्वयं जांच करना सीख सकती हैं

डॉ. अजय भटनागर ने बताया कि ब्रेस्ट कैंसर से मृत्यु का प्रमुख कारण भय और जानकारी की कमी है। उन्होंने कहा कि अधिकतर महिलाएं दूसरे या तीसरे चरण में अस्पताल पहुंचती हैं, जबकि प्रारंभिक पहचान से जीवित रहने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसी उद्देश्य से एक निःशुल्क मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, जिससे महिलाएं घर बैठे स्वयं जांच करना सीख सकती हैं। उन्होंने गांठ या कठोर उभार जैसे लक्षणों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।डॉ. सौरभ तिवारी ने कहा कि महिलाएं परिवार की आधारशिला होती हैं, इसलिए ब्रेस्ट कैंसर केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि समस्या उपचार की कमी नहीं, बल्कि जागरूकता की कमी है। उन्होंने स्वयं ब्रेस्ट परीक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सामान्य ऊतक मुलायम होता है, जबकि टेनिस बॉल या अखरोट जैसी कठोर गांठ होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। त्वचा का मोटा होना या असामान्य रक्तस्राव भी चेतावनी संकेत हो सकते हैं।

## साइंस कॉलेज मैदान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन

# 1300 से अधिक जोड़ों को मिला सुखमय जीवन का आशीर्वाद, रीति-रिवाज से परिणय सूत्र में बंधे

साइंस कॉलेज मैदान में मंगलवार का दिन 1300 से अधिक युवक-युवतियों के जीवन में नवजीवन का सुख लेकर आया।मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत इस सामूहिक विवाह में सर्वधर्म के युवक-युवती पारंपरिक रीति-रिवाज से विवाह बंधन में बंधकर एक-दूजे के हुए। इन नवदंपत्ति को उनके सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं और आशीर्वाद परिजनों सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्री व विधायकों ने दिया। मुख्यमंत्री ने उपहार स्वरूप योजना के अंतर्गत 35 हजार रुपए का डमी चेक नवदंपत्ति को भेंट किया।





**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में बने भव्य विवाह मंडप में कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से प्रारंभ हुआ, जो शाम 4 बजे तक संपन्न हुआ। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग की अगवानी में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह कराए गए। इन विवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 35 हजार रुपए उनके बैंक खाते में सहायता राशि और 15 हजार रुपए की राशि के उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम से बलौदाबाजार, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद एवं राजनांदगांव जिलों के जोड़े भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। राज्य के शेष जिला मुख्यालयों पर भी सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस राज्य स्तरीय विवाह कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विवाह के प्रतिभागी व उनके परिजन पहुंचे थे।

### जीवनसाथी पाकर आंखों में छलकीं खुशियां

विवाह कार्यक्रम में वह पल भी आया, जब दुल्हन बनी बेटी की आंखों से खुशी और माता-पिता से वियोग के भाव आंसू बनकर छलक उठे। कन्यादान के समय पिता भी आंखों से आंसू रोक नहीं पाए। मां, भाई और परिजनों की आंखें भर आई, पर ये खुशी के आंसू रहे, कि उनकी बेटी को उनका नया घर-संसार मिल गया।



### विवाह मंडप में दिखी सर्वधर्म सद्भाव की झलक



मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के राज्य स्तरीय आयोजन में सामाजिक समरसता और सर्वधर्म सद्भाव का सुंदर दृश्य देखने को मिला। इसमें हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध धर्म के युवक-युवती अपने-अपने रीति-रिवाज, परिधान में विवाह में शामिल हुए। विवाह बंधन में बंधकर इन नवदंपत्ति ने सामाजिक समरसता और सर्वधर्म सद्भाव की मिसाल कायम की। विवाह कार्यक्रम में सभी धर्म के युवक-युवती व उनके परिजन उत्साह के साथ शामिल हुए।

### विवाह के यह बने साक्षी

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, कौशल विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, संपत अग्रवाल, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी, संचालक डॉ. रेणुका श्रीवास्तव समेत अनेक जनप्रतिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी नवदंपत्ति के पास जाकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया और उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की गई।



## सिटी इवेंट

### राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता एवं पब्लिक सर्विसेज पर साइबर अटैक रोकने नवाचार



**रायपुर।** नवा रायपुर ट्रिपल आईटी में साइबर सुरक्षा पर अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। यह संस्थान में भारत-नॉर्वे सहयोग से रेसक्रि नाम से आयोजित किया गया। इसमें डॉ. एसपीएम इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, नया रायपुर द्वारा रेसक्रि वेबिनार ऑन रेजिलिएंट डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन इन इंडिया नॉर्वे : क्रिटिकल सेक्टर्स' विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। यह वेबिनार भारत और नॉर्वे के बीच क्रिटिकल सेक्टर्स की साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल लचीलापन पर प्रारंभ की गई अंतर्राष्ट्रीय सहयोगी शोध परियोजना रेसक्रि की औपचारिक शुरुआत के रूप में आयोजित किया गया। वेबिनार में परियोजना के प्रमुख अन्वेषक प्रो. ओमप्रकाश व्यास प्रधान अन्वेषक भारत, प्रो. हब्तामु अबिए एनईएसआईओटी, नॉर्वे, प्रो. हाल्वर होल्टस्कोग नॉर्वे, डॉ. संदीप पीरभुलाल नॉरुक रेग्नेसेंट्रल, नॉर्वे एवं डॉ. सबरत्नम चोकलिंगम नॉर्वे ने अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि साइबर सुरक्षा को केवल तकनीकी समस्या के रूप में न देखकर, नीतिगत, संगठनात्मक तथा मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ समाधान विकसित किए जाने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि डिजिटल परिवर्तन के वर्तमान दौर में ऊर्जा, परिवहन, संचार तथा अन्य क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर पर साइबर हमले वैश्विक स्तर पर लगातार देखे जा रहे हैं, जिनके कारण राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता एवं आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं पर गंभीर और दूरगामी प्रभाव पड़ रहे हैं। इन वास्तविक और जटिल चुनौतियों के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग आधारित अनुसंधान की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया।

#### शोध परियोजना रेसक्रि प्रारंभ

उल्लेखनीय है कि क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर में ऊर्जा ग्रिड, तेल एवं गैस पाइपलाइन, जल आपूर्ति प्रणालियां, परिवहन नेटवर्क, स्वास्थ्य सेवाएं, दूरसंचार तथा वित्तीय प्रणालियां शामिल होती हैं, जिनका निर्बाध और सुरक्षित संचालन किसी भी देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और नागरिक जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक होता है। इसी परिप्रेक्ष्य में भारत और नॉर्वे के बीच एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वित्तपोषित सहयोगी शोध परियोजना रेसक्रि प्रारंभ की गई है।

#### नवीन साइबर रक्षा तकनीकों का विकास

यह परियोजना नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नॉर्वे, यूनिवर्सिटी ऑफ ओस्लो, नॉर्वे, ट्रीपल आईटी इलाहाबाद, ट्रीपल आईटी नया रायपुर के संयुक्त प्रयास से संचालित की जा रही है। परियोजना का उद्देश्य केवल नवीन साइबर रक्षा तकनीकों का विकास करना ही नहीं है, बल्कि मानव एवं संगठनात्मक पहलुओं को भी समान रूप से संबोधित करना है, ताकि क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की साइबर सुरक्षा को समग्र और सतत दृष्टिकोण से सुदृढ़ किया जा सके।

## शाम-ए-गजल में शायरों ने लूटी वाहवाही




**रायपुर।** प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ के तत्वावधान में शाम-ए-ग़ज़ल का आयोजन निवास कॉफी हाउस के सभागार में किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों से आए शायरों ने अपने कलाम सुनाए और वाहवाही लूटी। आयोजन में मुख्य अतिथि हेमचंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप थे। अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री संतोष झांझी और विशिष्ट अतिथि शायर मुमताज ने की। आरंभ के मुख्य संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा एवं मुख्य सलाहकार आचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा की उपस्थिति में देर शाम तक श्रोताओं ने कई शानदार गजलों का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से नामचीन शायर व ग़ज़लकारों ने शिरकत की। सद्र-ए-मुशायरा अब्दुस्सलाम कौसर की सदारत में सुखनवर हुसैन, आलिम नकवी, आर.डी.अहिरवार, इरफ़ानुद्दीन इरफ़ान, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी सब्र, राकेश गुप्ता रुसिया, सुशील यादव, शाहीन अंसारी और आरंभ की महासचिव शायरा नूरुस्साबाह खान सबा ने अपने-अपने कलाम सुनाए। त्र्यम्बक राव साटकर अंबर ने अपनी कृति महान डॉ. अब्दुल कलाम काव्य पुष्पांजलि, राकेश गुप्ता रूसिया की कृति धरोहर इक ग़ज़ल नामा, डॉ. विजय कुमार गुप्ता मुन्ना की कृति छंद कथा समय यथा एवं डॉ. इकबाल खान तन्हा ने वनांचल साहित्य सृजन समिति की वार्षिक साहित्यिक पत्रिका अतिथियों को भेंट की। आमंत्रित ग़ज़लकारों को शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ व आरंभ कलमकार सम्मान-2026 प्रशस्ति-पत्र से अलंकृत किया गया। वहीं भूपेंद्र कुलदीप, संतोष झांझी और शायर मुमताज ने भी अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष अनिता करडेकर, उपाध्यक्ष दीप्ति श्रीवास्तव, सचिव आलोक कुमार चंदा, आंतरिक अंकेक्षण पल्लव चटर्जी, ब्रजेश मल्लिक, जाविद हसन और विनोद कुमार श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में रचनाकार उपस्थित थे।

## फेयरवेल में विद्यार्थियों ने शेयर किए स्कूल के खट्टे-मीठे अनुभव



**रायपुर।** शंकर नगर खम्हारडीह स्थित कल्याण पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में फेयरवेल पार्टी के दौरान 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के साथ विदाई दी। विदाई समरोह में विद्यार्थियों ने एक-दूसरे संग स्कूल में बिताए पल और खट्टी-मीठी यादों को साझा किया। अपने भविष्य के सपनों के बारे में बताते हुए इंजीनियर, डॉक्टर, सीए, वकील, टीचर, ड्रग इंस्पेक्टर और मॉडलिग के क्षेत्र में भविष्य बनाने के गोल को शेयर किया। स्कूल डायरेक्टर राजेश सक्सेना ने उनके सपने पूरे हों, ऐसी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। वहीं प्राचार्य शीला गुजर ने मेहनत एवं लगन से अच्छे अंकों से सफलता अर्जित करने की बात कही। इस अवसर पर मिस फेयरवेल राज नंदिनी कौशल और मिस्टर फेयरवेल अग्रिम सिंग, मिस केपीएस नीता साहू और मिस्टर केपीएस गौरवशील नरनावरे चुने गए। फेयरवेल में अपने टैलेंट का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सेश व क्राउन पहनकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने अपने शिक्षकों से सफलता का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही इस पल को यादगार बनाने के लिए सभी विद्यार्थियों ने पूरे शिक्षकों के साथ ग्रुप फोटो सेशन कर मेमोरी को कैमरे में कैद किया।

## सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ का भव्य सामाजिक आयोजन लोककला डायरो संपन्न

# लोककला 'डायरो' से सुनाई गुजरात के शूरवीरों की गाथाएं, संगीतमय शैली में दिखा भक्ति और काव्य रस

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** एनआर गुजराती फाउंडेशन गांधीनगर गुजरात, सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ और एनआर गुजराती एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में गुजराती स्कूल परिसर में एनआर गुजरातिस सम्मेलन हुआ है। इस दौरान गुजरात की प्रसिद्ध लोककला डायरो ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। आयोजन में अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक सुनील सोनी, ओडिशा के नुआपाड़ा से विधायक जय राजेंद्र डोलकिया, सूर्यकांत राठौड़ सभापति नगर निगम रायपुर, गुजरात सरकार के एनआर गुजराती फाउंडेशन गांधीनगर से ज्योति बेन तेली की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गुजरात की भक्ति, संस्कृति, परंपरा एवं प्राचीन शौर्य गाथाओं की भावनात्मक प्रस्तुति ने उपस्थित समाजजनों को भावविभोर कर दिया। सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी ने कहा कि "गुजराती समाज ने देश के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में ऐतिहासिक योगदान दिया है। अपनी परंपराओं और मूल्यों से जुड़े रहकर समाज निरंतर राष्ट्र निर्माण और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।



### संगीत और इतिहास का हुआ संगम



गुजरात से पधारे प्रख्यात लोक कलाकार डॉ. रंजीत वांक द्वारा प्रस्तुत लोककला 'डायरो' ने भक्ति, काव्य, संगीत और इतिहास का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। डायरो के माध्यम से गुजरात के शूरवीरों की गाथाएं, समाज की प्रमाणिक भक्ति परंपरा और ऐतिहासिक योगदान को संगीतमय शैली में प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहर से आए अलग अलग क्षेत्रों से ख्यातिप्राप्त 100 से अधिक गुजराती सदस्यों को मोमेंटो और उपहार देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालक तृप्ति जावेरी ने किया।

### प्रदेशभर से पहुंचे पदाधिकारी

कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन एनआर गुजराती एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने दिया। उन्होंने कहा कि लोककला डायरो केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज को उसकी गौरवशाली विरासत, संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में जगदलपुर, बिलासपुर , महासमुंद, धमतरी, बालोद, राजनांदगाव, दुर्ग, भिलाई, कांकेर, रायगढ़, भाटापारा, अंबिकापुर, रायपुर, कोरबा, मनेंद्रगढ़, खरोरा समेत प्रदेशभर से 2000 से अधिक सामाजिकजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान नितिन डोलकिया अध्यक्ष दशा सोरठिया समाज, प्रकाश बारमेड़ा अध्यक्ष गुजराती समाज रायपुर, ललित पुजारा बिलासपुर, अरविंद भानुशाली सचिव सर्व गुजराती समाज, भावना टाक, तृप्ति जावेरी, अर्पिता चावड़ा, दीप्ति राठौर, ज्योति दवे (भिलाई), शीतल सरवैय्या (दुर्ग), जयंती पटेल प्रदेश मंत्री भाजपा, गौरांग कांचा अध्यक्ष गुजराती युवा मण्डल, निखिल पांड्या सचिव गुजराती युवा मण्डल, चेतना पारेख के साथ समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## धर्म लाइव

# गोदड़ीवाला धाम में बैंड-बाजे के साथ 5 दूल्हों की निकलेगी शाही बारात



**रायपुर।** संत बाबा गेलाराम साहेब के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में 12 फरवरी को 5 जोड़ों का निशुल्क सिंधी सामूहिक विवाह, 57 बटुकों का जनेऊ संस्कार और 1 मुंडन संस्कार का कार्यक्रम होगा, जिसमें शदाणी दरबार के संत साईं डॉ. युधिष्ठिर लाल आशीर्वाद देने विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम पूज्य गोदड़ीवाला धाम एवं छत्तीसगढ़ जनरल सिंधी प्रदेश पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है। कार्यक्रम जलगांव साहेब के महंत साईं देवीदास, देवपुरी दरबार की महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में होगा।

### निशुल्क विवाह सम्मेलन जनेऊ और मुंडन संस्कार भी

यह जानकारी इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी ने देते हुए बताया कि संत-महात्माओं की उपस्तिथि में केक कटिंग कर बाबाजी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा और अन्न वितरण का कार्य भी गोदड़ीधाम द्वारा किया जाएगा। साथ ही होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ. श्वेता बठेजा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य सेवा दी जाएगी। पूरा दिन धाम में सेवा, सत्संग, सिमरन, भजन, कीर्तन, भंडारा साहेब चलता रहेगा। चकरभाटा के प्रसिद्ध भजन गायक विनोद चावला द्वारा बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हीरा माखीजा, प्रकाश लालवानी, सुरेश बठेजा, नरसा लालवानी, शिवा खूबचंदानी आदि लगे हुए हैं।

## सिटी लाइव

# अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी में प्रहलाद महासचिव और संजय कोषाध्यक्ष चुने गए



**रायपुर।** अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी वर्ष 2026 से 2028 के लिए घोषित कर दी गई है। इसे लेकर आयोजित बैठक में सामूहिक एकजुटता का संदेश दिया गया। बैठक अग्रसेन सेन भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित सेक्सरिया ने की। बैठक का संचालन महासचिव प्रहलाद रूंगटा ने की। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संजय गर्ग को सौंपी गई। इसके अलावा संरक्षक कैलाश रूंगटा, गौरीशंकर अग्रवाल बनाए गए। उपाध्यक्ष बृजमोहन गोयल, प्रेम अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, मधुप अग्रवाल, पंकज कीर्तुका, विनोद अग्रवाल, सचिव विमल राजगढ़िया, कार्यकारिणी सदस्य दिनेश अग्रवाल, प्रकाश खेतान, सतपाल बंसल, प्रदीप अग्रवाल, रामनिवास मित्तल, दीपक बंसल, नवल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, राजेश रूंगटा, गिरिश अग्रवाल, मनोनीत सदस्य सुमीत अग्रवाल, सुनील गोयल, राजकुमार अग्रवाल, बंशीधर पोद्दार, आशीष सेक्सरिया, विनीत खेतान, शरद गर्ग, विशेष आमंत्रित सदस्य संजय रूंगटा, डीसी अग्रवाल, गिरिश अग्रवाल, एलएन अग्रवाल, शंकर सिंघल, दिनेश अग्रवाल, प्रवीण गर्ग शामिल हैं। अध्यक्ष ललित सेक्सरिया ने समाजहित में निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। पूर्व अध्यक्ष विजय अग्रवाल, संरक्षक कैलाश रूंगटा एवं गौरीशंकर अग्रवाल ने नई कार्यकारिणी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संरक्षक कैलाश रूंगटा ने अग्रसेन भवन के भूतल स्थित हॉल के शेष आधे भाग को भी वातानुकूलित करने का सुझाव दिया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने सराहा। बैठक में विशेष रूप से पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण रूंगटा, महेंद्र सेक्सरिया, जयदेव सिंघल उपस्थित थे।

## ● प्रदेश के पहले अंतरिक्ष केंद्र में रॉकेट लॉन्चिंग से लेकर अंतरिक्ष का ज्ञान अर्जित करेंगे

# स्पेस सेंटर में 3 दिन स्कूली बच्चे करेंगे अंतरिक्ष की पढ़ाई, इसरो के विशेषज्ञ शिक्षकों को देंगे विशेष ट्रेनिंग

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी में अंतरिक्ष संगवारी के अंतर्गत बने प्रदेश के पहले अंतरिक्ष केंद्र का उद्घाटन होने के बाद अब स्कूली बच्चे यहां रॉकेट लॉन्चिंग से लेकर विज्ञान का ज्ञान अर्जित करेंगे। बच्चों को इससे जोड़ने के लिए इसरो की टीम स्कूल के शिक्षकों को इसकी विशेष ट्रेनिंग देगी।





**रायपुर।** इस ट्रेनिंग में केंद्र में स्थापित उपकरणों के इस्तेमाल और अंतरिक्ष मॉडल के संचालन प्रकिया को बताया जाएगा। वर्तमान में अंतरिक्ष केंद्र इसरो की टीम के अधीन है। कक्ष की चॉबी स्कूल प्रबंधक को नहीं सौपी गई है। जल्द ही स्कूल को हैंडओवर करने के बाद बच्चों को अंतरिक्ष ज्ञान से जोड़ा जाएगा। हरिभूमि से बातचीत में प्राचार्य ने बताया कि स्कूल के बच्चों के साथ-साथ अन्य स्कूलों के बच्चे भी अंतरिक्ष केंद्र में अध्ययन कर सकेंगे। प्रयास रहेगा कि सप्ताह में 3 दिनों बच्चों के लिए अंतरिक्ष केंद्र में विज्ञान की पढ़ाई कराएंगे। यहां बच्चे रॉकेट लॉन्चिंग की पूरी प्रक्रिया को क्रमवार देख पाएंगे। लॉन्चिंग से पहले और बाद सभी तकनीकी विषयों की जानकारी उपकरों से मिलेगी। वर्तमान में भौतिकी और गणित के टीचर ने अपने अनुभव के आधार पर अंतरिक्ष केंद्र के बारे में बच्चों को बता रहे हैं। ट्रेनिंग के बाद प्रोफेशनल तरीके से समझा सकेंगे।



### आधुनिक सुविधाओं से लैस है अंतरिक्ष केंद्र

नवा रायपुर में बना यह अंतरिक्ष केंद्र आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से लैस है। यहां विद्यार्थियों को सैटेलाइट निर्माण, उसकी जांच और ट्रैकिंग की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए विशेष लैब, ग्राउंड स्टेशन और कंट्रोल सेंटर की व्यवस्था की गई है। यहां बच्चे सैटेलाइट बनाने से लेकर कंट्रोल-सेंटर की बारीकियां सीखेंगे।

### इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर प्रतिभा दिखा सकेंगे

इस स्पेस सेंटर के जरिए राज्य के छात्रों और युवा वैज्ञानिकों को स्पेस रिसर्च, इनोवेशन, सिमुलेशन और लेटेस्ट टेक्निकल ट्रेनिंग के मौके मिलेंगे, जिससे वे नेशनल और इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। सेंटर वह सभी उपकरण मौजूद है, जिससे अंतरिक्ष में होने वाले सभी कार्यों की जानकारी मिल सकेगी। स्कूल में बच्चे भी यहां पढ़ाई करने और अंतरिक्ष से जुड़े सवाल को जवाब जाने को उत्सुक है।

# पढ़ाई ईमानदारी से करें, लक्ष्य निर्धारित करें आज की मेहनत 40 साल बाद स्वर्णिम होगी

**रायपुर।** दुर्गा महाविद्यालय में बुधवार को कला वाटिका एवं एलुमनी मीट का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। समारोह में सर्वप्रथम सभी मुख्य अतिथियों ने रिबन काटकर कला वाटिका का उद्घाटन किया और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मॉडल को करीब से जाना। प्रस्तुत मॉडल दो श्रेणियों में विभाजित रहे, पहला वर्किंग एवं दूसरा नान वर्किंग। मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत ज्ञानदायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा के माल्यार्पण व पूजन से हुई। कार्यक्रम का संचालन छात्र परिषद प्रभारी डॉ. अजय शर्मा ने किया। दुर्गा महाविद्यालय के 75 वर्ष के अवसर पर एलुमनी समिति एवं दुर्गा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कला वाटिका एवं एलुमनी मीट का उद्घाटन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त डॉ. संजीव शुक्ला ने अपने संबोधन में कार्यक्रम में उपस्थित संगीतकार पद्मश्री मदन चौहान को छत्तीसगढ़ की शान बताया। उन्होंने आगे कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं, वह अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के आशीर्वाद से हूं। उन्होंने माता-पिता, गुरुजनों का सम्मान करने की बात कही। गुरुजनों को मील का पत्थर बताया। उन्होंने महाविद्यालय के पुराने दिनों की याद करते हुए छात्र-छात्राओं से कहा कि यह समय बहुत ही महत्वपूर्ण है। आप अपना कार्य और पढ़ाई ईमानदारी से करें। कोई भी कार्य लक्ष्य को निर्धारित करके करें। आज जो आप करेंगे, 40 वर्ष के बाद का समय स्वर्णिम समय होगा।

### दुर्गा महाविद्यालय में कला वाटिका एवं एलुमनी मीट







### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त डॉ. संजीव शुक्ला, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मदन चौहान गुरुजी एवं अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी गायिका पद्मश्री डॉ. उषा बारले, शासी निकाय के अध्यक्ष शेखर अमीन, महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र अग्रवाल रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. प्रतिभा मुखर्जी ने सभी मुख्य अतिथियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि दुर्गा महाविद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, वरन खेल, कला एवं रचनात्मकता के क्षेत्र में भी हमेशा अग्रणी रहा है।

### पंडवानी के अंदाज में किया स्वागत

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संगीतकार पद्मश्री मदन चौहान, जिन्हें गुरूजी के नाम से भी जाना जाता है, उन्होंने बताया कि इसी महाविद्यालय से ही मुझे संगीत का स्वाद मिला था। जीवन काफी संघर्षमय था। इसी क्रम में कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पद्मश्री उषा बारले ने पंडवानी के अंदाज में सभी मुख्य अतिथियों का एवं पूर्व छात्र-छात्राओं का स्वागत किया।

# संस्कृति व मूल्यों की रक्षा कर सकने ब्राह्मण समाज को एक मंच पर लाना आवश्यक





**रायपुर।** विप्र वाहिनी सर्व ब्राह्मण संघ रायपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें रायपुर जिले से सभी वरिष्ठ सदस्य, पदाधिकारी व समाज के गणमान्य उपस्थित रहे। बैठक के संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष मुक्तिनाथ पांडे व प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शुक्ला ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण समाज को एक मंच पर लाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि समाज संगठित होकर अपने अधिकारों, संस्कृति एवं मूल्यों की रक्षा कर सके। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार मधुकर द्विवेदी, अरुण शुक्ला, दशरथ शुक्ला, विजय शंकर पांडे, विरेंद्र शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, उमाकांत मिश्रा, राजेश तिवारी, सुनील पांडे, दुर्गा प्रसाद पांडे, हरिशंकर मिश्रा, संगीता मिश्रा, विद्या पांडे, अर्चना शुक्ला, रमेश तिवारी, विजय दुबे, गौतम ओझा, रामजी शर्मा, रामजी पंडित, दादू त्रिपाठी, धीरेंद्र शुक्ला, राजू महाराज, विद्याकांत मिश्रा, विश्लेंद्र तिवारी, रविंद्र तिवारी, लोकेश तिवारी, कमलेश शुक्ला, आदित्य मिश्रा, विनय कुमार मिश्रा, विजय चौबे, जगदीश तिवारी, रमेश शुक्ला, आनंद शुक्ला, प्रमोद तिवारी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में यूजीसी से संबंधित विषयों पर तथा विभिन्न माध्यमों से ब्राह्मण समाज के विरुद्ध हो रहे कथित आक्रमण एवं आपत्तिजनक प्रस्तुतीकरणों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही समाज की एकजुटता एवं जागरूकता बढ़ाने को लेकर सर्वसम्मति से विचार रखे गए। इसके अतिरिक्त युवा पीढ़ी को संस्कार, संस्कृति, वेद, शास्त्र एवं वैदिक मूल्यों का ज्ञान कैसे दिया जाए, इस विषय पर भी गंभीर एवं सार्थक चर्चा की गई।

# 27 को फाल्गुन एकादशी पर निकलेगी निशान यात्रा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगर में इस साल फाल्गुन एकादशी 27 फरवरी के अवसर पर श्याम बाबा खाटू धाम में प्रतिवर्ष निकलने वाली निशान यात्रा के जैसी निशान यात्रा निकलेगी। फाल्गुन मास की पावन ग्यारस को लेकर श्याम फाल्गुन निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाले श्री श्याम निशान यात्रा 2026 की तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। निशान यात्रा आयोजक समिति के योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि अब भक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। बाबा श्याम के भक्तों के लिए इस साल का फाल्गुन मास बेहद खास होने वाला है। शहर में पहली बार खाटू श्याम के धाम की तर्ज पर एक विशाल और भव्य फाल्गुन एकादशी निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आमतौर पर फाल्गुन के महीने में लाखों भक्त सीकर के खाटू धाम की ओर रुख करते हैं, लेकिन इस बार दुर्ग के आयोजकों ने शहर में ही वैसा ही दिव्य वातावरण तैयार करने का बीड़ा उठाया है। खाटू धाम जैसी ही भव्य निशान यात्रा, फूल इत्र रंग की बरसात के साथ बाबा का रथ घोड़े बग्गी के साथ-साथ सुंदर एवं मधुर गीतों के साथ भक्तों की विशाल निशान यात्रा रहेगी मुख्य आकर्षण होंगे। इस अवसर पर हारे का सहारा, भगवान श्रीकृष्ण के कलयुगी अवतार, लखदातार, शीश के दानी कहे जाने वाले बाबा खाटू श्याम की झांकी निकलेगी।



## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की महिला क्रिकेटरों ने चंडीगढ़ को हराया



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से सीनियर वुमेंस वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 06 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा मैच मंगलवार को बडौदरा में चंडीगढ टीम के विरुद्ध खेला गया। मैच में छत्तीसगढ़ को लगातार तीसरी जीत हासिल हुई। जिसमें चंडीगढ को 20 रनों से हराया। चंडीगढ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 182 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से शिल्पा साहु ने 52 रन तथा सृष्टि शर्मा ने 50 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त प्रीति यादव ने 26 रन तथा अदिती पंवार ने 22 नाबाद रन बनाये। चंडीगढ टीम की ओर से तरुणिका ने 5 विकेट प्राप्त किए। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंडीगढ की टीम 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 162 रन ही बना सकी। चंडीगढ की ओर से तानिया भाटिया ने 70 रनों की पारी खेली तथा मोनिका बिश्नोई ने नाबाद 36 रनों की पारी खेली। उनके अतिरिक्त मोनिका पांडे ने 18 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाज श्रेया श्रीवास ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 5 विकेट प्राप्त किये। प्रीती यादव, उर्मिला हरीना तथा अदिति पंवार ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 20 रनों से जीत लिया।

### सीएससीएस के मुकाबले जारी



छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे राउंड के पहले दिन रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम बीएसपी के विरुद्ध रायगढ़ टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 125 रन पर आउट हो गई। गेंदबाजी में बीएसपी के भविष्य थपियाल ने तीन विकेट, पियूष पिल्ले एवं जीवेश बुट्टे ने दो-दो विकेट, सौरभ खैरवार एवं कार्तिक नायडू ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में बीएसपी ने पहली पारी में दो विकेट पर 257 रन बनाए। संगीत सोनी ने नॉट आउट 130 रन , नितांत सिंह ने नॉट आउट 78 रन और शुभम मौर्य ने 40 रन बनाए। आरडीसीए रायपुर में हुए मैच में टीम दुर्ग ने कवर्धा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 302 रन बनाए और आउट हो गई। आकाश सिंह ने 124 रन, हिमांशु साहू ने 50 रन और मोहम्मद आफताब उल हक ने 49 रन बनाए। दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में टीम जशपुर के विरुद्ध राजनांदगांव ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में नौ विकेट पर 320 रन बनाए। दल्ली राजहरा में हुए मैच में धमतरी ने दंतेवाड़ा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 219 रन बनाए और आउट हो गई। बल्लेबाजी करते हुए दंतेवाड़ा टीम पहली पारी में 72 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में धमतरी ने दूसरी पारी दो विकेट पर 59 रन बनाए। धमतरी में टीम कोरबा ने कांकेर के विरुद्ध पहली पारी 187 रन बनाए और आउट हो गई। बल्लेबाजी में कांकेर ने पहली पारी में तीन विकेट पर 116 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम बस्तर ने महासमुंद के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 8 विकेट पर 425 रन बनाए।

## इन लक्षणों का मतलब आपका लिवर हो रहा है डैमेज

# हमारा कोई अंग प्रभावित हो रहा हो तो शरीर कर देता है इशारे, त्वचा के बदलावों को बिल्कुल न करें अनदेखा

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पाचन का ठीक रहना जरूरी है और पाचन ठीक रहे इसके लिए आवश्यक है कि आपका लिवर ठीक तरीके से काम करते रहे। लिवर में होने वाली किसी भी तरह की समस्या का शरीर पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है।

लिवर, रक्त से विषाक्त पदार्थों को निकालता है, रक्त शर्करा के स्तर को ठीक बनाए रखता है और रक्त के थक्के को नियंत्रित करता है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण लिवर से संबंधित बीमरियों का खतरा अधिक हो सकता है।

लिवर में होने वाली समस्याओं पर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इससे लिवर डैमेज होने का भी खतरा हो सकता है। लिवर में होने वाली गंभीर समस्याएं जानलेवा भी हो सकती हैं इसलिए जरूरी है कि शरीर के इस महत्वपूर्ण अंग का विशेष रूप से ख्याल रखा जाए।

### लिवर डैमेज का खतरा

लिवर की कई बीमारियों में शुरुआती स्थिति में कोई भी लक्षण नजर नहीं आते हैं, लिवर डैमेज की स्थिति के साथ भी ऐसा ही है। लिवर डैमेज या सिरोसिस की समस्या जानलेवा हो सकती है, इसलिए इसके कुछ संकेतों को



पहचानना जरूरी है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर की ज्यादातर बीमारियों के लिए अल्कोहल का सेवन करना प्रमुख कारक माना जाता रहा है, पर जो लोग शराब नहीं भी पीते हैं उनमें भी लिवर की क्षति का खतरा हो सकता है। पीलिया, त्वचा में खुजली और अंगों में सूजन जैसे लक्षण इस बात के संकेत हैं कि आपका लिवर ठीक नहीं है या इसमें कोई बीमारी हो सकती है।

### इन लक्षणों पर दें ध्यान

लिवर का प्रमुख कार्य विषाक्त पदार्थों का ब्रेक डाउन करना होता है। लिवर में होने वाली किसी भी प्रकार की बीमारी या लिवर डैमेज की स्थिति में शरीर में विषाक्त पदार्थों के बढ़ने का खतरा हो सकता है। इस तरह की स्थिति में आपको थकान, अस्पष्टीकृत रूप से वजन घटने, भूख में कमी होने और अक्सर उल्टी महसूस होते रहने की समस्या हो सकती है। डॉक्टर से मिलकर लिवर की जांच के माध्यम से इस अंग में होने वाली किसी भी तरह की समस्या का समय रहते पता लगाने में मदद मिल सकती है।

### त्वचा से संबंधित दिक्कतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर की बीमारियों में त्वचा से संबंधित समस्याओं के विकसित होने का खतरा देखा जाता है। लिवर में समस्या के कारण बिलीरुबिन की मात्रा बढ़ जाती है जिसके कारण आपको पीलिया होने का खतरा हो सकता है। बार-बार पीलिया होते रहना इस बात का संकेत है कि लिवर ठीक से काम नहीं कर रहा है।

इसके अलावा लिवर में होने वाली समस्या के कारण रक्तप्रवाह से विषाक्त पदार्थों की मात्रा बढ़ने लगती है जिसके परिणामस्वरूप थकान, सिरदर्द और त्वचा संबंधी समस्याएं होती हैं।

### शरीर में बढ़ सकती है सूजन की दिक्कत

लिवर में होने वाली बीमारियों का एक प्रमुख संकेत मूत्र में होने वाली समस्या भी है। आपको पेशाब के रंग में गाढ़ापन या अधिक पीलापन महसूस हो सकता है। लिवर की समस्या के कारण फ्ल्यूड रिटेंशन की भी दिक्कत हो सकती है, जो शरीर के कई अंगों में सूजन की दिक्कत बढ़ाने वाली मानी जाती है, विशेषकर पैरों और टखनों में सूजन की समस्या संकेत है कि लिवर में किसी प्रकार की दिक्कत हो सकती है। इन स्थितियों पर गंभीरता से ध्यान देना आवश्यक हो जाता है।





## छत्तीसगढ़ चेस मास्टर ट्रॉफी के सालिक नवाज बने विजेता

**रायपुर।** स्व नंदलाल यादव स्मृति 5 वीं छत्तीसगढ़ चेस मास्टर ट्रॉफी शतरंज स्पर्धा का आयोजन चेस शाला व कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल टेकारी रायपुर में किया गया।

स्पर्धा का उद्घाटन कोलंबिया ग्लोबल स्कूल रायपुर के डायरेक्टर रविंदर सिंह ने किया। इस अवसर पर बतौर अतिथि प्राचार्य इवान स्मिथ, एम पावर के डायरेक्टर गोविंद मुदलियार व नम्रता अग्रवाल ने शिरकत की।

- अंडर - 9 में तुषार व अंडर -11 में भव्यम को मिला राज्य का खिताब

प्रतियोगिता के दरमियान खिलाड़ियों के हौसला अफजाई करने पहुंचे छत्तीसगढ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। विशेष अतिथि नवीन शुक्ला ने भी खिलडियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के हेमन्त खुटे थे। अध्यक्षता कोलंबिया ग्लोबल स्कूल की शीतल एस कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि अनूप अग्रवाल व बीजू पटनायक थे।

प्रतियोगिता के विजेताओं में सालिक नवाज 6.5अंक राजनांदगांव (11500+ट्रॉफी), लोकेश पांडे 6 अंक बिलासपुर (7100+ट्रॉफी), मयंक सोनारे 6 अंक दुर्ग (5500+ट्रॉफी),प्रकाश तिवारी 6अंक सरगुजा (4100रु), आनंद रॉय 6 अंक बलौदा बाजार (3500रु), शुभांकर बामलिया 6अंक रायपुर,(3100रु), संस्कार कश्यप 5.5 अंक ,मुंगेली (2500रु), निभीष प्रधान 5.5अंक रायपुर (2500रु), देवांश जैन 5 अंक रायपुर (2100रु), ईशान सैनी, 5 अंक रायपुर (2100रु),प्रभमन सिंह 5 अंक कोरबा (1100रु), रजनीकांत बख्शी 5 अंक राजनांदगांव (1100 रु), सतीश शर्मा 5 अंक रायपुर (1100रु),प्रणव अग्रवाल 5 अंक रायपुर (1100रु) यश सिंह 5अंक रायपुर (1100रु), इसके साथ ही महिला वर्ग का खिताब दुर्ग की हिमानी देवांगन ने अपने नाम किया। उपविजेता रायपुर की हितांशी मुदलियार रही।

महिला वर्ग में प्रथम हिमानी देवांगन 5अंक दुर्ग 2100रु+ट्रॉफी, द्वितीय हितांशी मुदलियार (रायपुर 4अंक 1500+ट्रॉफी), तृतीय राशि वरुड़कर (राजनांदगांव) चौथे व पांचवे स्थान पर क्रमशः काश्वी जैन और अद्विका पाण्डेय रहे। इस प्रकार ओपन वर्ग में बेस्ट रायपुर का खिताब अक्षत महोबिया ने तथा रायपुर की प्राची यादव ने बेस्ट रायपुर महिला वर्ग का खिताब जीता। अंडर-15 बालक बालिका में क्रमशः प्रांजल सिंह (दुर्ग) और इशिका मढ़के (दुर्ग) विजेता और शिल्प कुमार और चारवी मंडल (दुर्ग) उपविजेता रहे। इसके साथ ही वेटरन वर्ग में रथींद्र ठाकुर विजेता और विशेष श्रेणी में पराक्रम यादव विजेता बने। बेस्ट जोन में दीपांकर सेन (बेस्ट सरगुजा 1100+मोमेंटो),साहिल सागर (बेस्ट बस्तर जोन 1100+मोमेंटो), पलाश शर्मा (बेस्ट दुर्ग जोन ,1100+मोमेंटो), अनिल प्रधान (बेस्ट बिलासपुर जोन,1100+मोमेंटो), ओपन वर्ग के सभी विजेता व रैंकिंग में आए खिलाड़ियों को नकद राशि ट्रॉफी मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्कूल चैंपियनशिप में दिल्ली पब्लिक स्कूल रायपुर विजेता, राजकुमार कॉलेज उपविजेता और कोलंबिया ग्लोबल स्कूल रायपुर तीसरे स्थान पर रहे। बच्चों के लिए 2 अलग कैटेगरी निर्धारित थी। अंडर-11 में भव्यम झवर 6 अंकों के साथ विजेता बने। अंडर-9 में दुर्ग के तुषार यादव विजेता, अंडर-7 में आयांश फुलर, बिलासपुर और बालिका अंडर-7 में श्रेष्ठा भारद्वाज विजेता रहे।विजेताओं में अंडर-11 में भव्यम झंवर रायपुर,अर्णव गोयल रायपुर,विराट अय्यर दुर्ग, अरमान प्रतीक साहू रायपुर,सावी गौरी रायपुर,अनिका रेड्डी रायपुर,अंडर-9 में तुषार यादव दुर्ग,हृदान मालवंकर जांजगीर,अरमान उभरानी,शिवांश देसाई,,आयाम मिश्रा,अनिका गुप्ता,अंडर-7 बालक अयांश फुलर,रहमी जेरेमाह,व्योम खरे,शान गुप्ता,बालिका श्रेष्ठा भारद्वाज,अविका पासीने,प्रिशा सैनी, श्रीनिका रेड्डी,यंगेस्ट प्लेयर,अयान लूथरा, अन्वी अग्रवाल साथ ही इसमें सभी नवोदित खिलाड़ियों को शानदार मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव व लेखक हेमंत खुटे को शतरंज में विगत तीन दशकों से दिए जा रहे अमूल्य योगदान हेतु चेस शाला व रायपुर के शतरंज खिलाड़ियों के अभिभावकों ने वुडन इंटरनेशनल चेस बोर्ड व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## छत्तीसगढ़ में शतरंज का हो रहा रणनीतिक विकास



**रायपुर।** भारत में शतरंज का विकास अब केंद्रीकृत व्यवस्था से आगे बढ़कर विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर अग्रसर है, जहाँ राज्य शतरंज संघ राष्ट्रीय सफलता की मजबूत नींव बन रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ ने एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है। यह परिवर्तन अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ (सीजीएससीए) के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया की दक्षता का परिणाम है।


मार्च 2024 में संपन्न एआईसीएफ चुनावों के पश्चात, अध्यक्ष नितिन नारंग एवं सचिव देव ए. पटेल के नेतृत्व में प्रारंभ हुए नए प्रशासनिक युग में, सिंघानिया ने छत्तीसगढ़ में शतरंज विकास के लिए पाँच प्रमुख स्तंभों पर आधारित एक सुस्पष्ट कार्ययोजना लागू की। जिसमें फिडे-रेटेड चयन प्रणाली, रेटेड खिलाड़ियों की सतत वृद्धि, ग्रैंडमास्टर स्तर की कोचिंग और आर्बिटर क्षमता में 200 फीसदी से अधिक विस्तार तथा सीनियर नेशनल आर्बिटर सेमिनारों का आयोजन शामिल है। इसी क्रम में "चेस इन स्कूल्स" परियोजना को सिंघानिया के प्रयासों से राज्य शासन का सहयोग प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रतिबद्धता से आदिवासी एवं ग्रामीण अंचलों तक शतरंज की पहुँच सुनिश्चित हुई।

इसी कड़ी में 11 से 17 सितंबर 2025 तक रायपुर में आयोजित ग्रैंडमास्टर कोचिंग कैंप, एआईसीएफ ट्रेनर्स कमीशन के सदस्य ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से के नेतृत्व में संपन्न हुआ। राज्यभर से चयनित 20 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को फिडे इंस्ट्रक्टर एवं कैंडिडेट मास्टर रवि कुमार तथा इंटरनेशनल मास्टर अनुप देशमुख का मार्गदर्शन भी खिलाड़ियों को प्राप्त हुआ।

रॉकी देवांगन, हर्ष शर्मा एवं शुभम बसोने की उपलब्धियों ने छत्तीसगढ़ शतरंज को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। छत्तीसगढ़ शतरंज के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक वर्ष रहा, जब एक ही वित्तीय वर्ष में इंटरनेशनल आर्बिटर्स की संख्या में 200 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। पूर्व में राज्य में केवल तीन इंटरनेशनल आर्बिटर्स—अलंकार भिवगड़े, पी.एन. राव एवं अनीस अंसारी—कार्यरत थे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में तीन नए अधिकारियों रॉकी देवांगन, एएफएम हर्ष शर्मा एवं एआईएम शुभम बसोने ने इंटरनेशनल आर्बिटर की उपाधि प्राप्त की।

## एशिया लीजेंड कप में भारत बना पहला चैंपियन, रायपुर के कलीम खान को मैन ऑफ द सीरीज

**रायपुर।** थाईलैंड में पहली बार आयोजित एशिया लीजेंड कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया और पहली एशिया लीजेंड चैंपियन टीम बनने का गौरव हासिल किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही भारत ने वेटरन क्रिकेट में एक नई मिसाल कायम की। इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के कलीम खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार अपने नाम किया। उनके ऑलराउंड खेल ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। बीवीसीआई (बोर्ड फॉर वेटरन क्रिकेट इन इंडिया) द्वारा पहली बार आयोजित किए गए इस प्रतिष्ठित एशिया लीजेंड कप के लिए तरुणेश परिहार को प्रतियोगिता का सीईओ नियुक्त किया गया। बीवीसीआई बोर्ड ने उनकी युवा सोच, नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक कौशल को देखते हुए इस बड़े अंतर्राष्ट्रीय आयोजन की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी और उन पर पूर्ण विश्वास जताया।



### खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने सराहा

तरुणेश परिहार के कुशल नेतृत्व और प्रभावी प्रबंधन में एशिया लीजेंड कप पूरी तरह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसे खिलाड़ियों, अधिकारियों और खेल प्रेमियों से व्यापक सराहना मिली। यह टूर्नामेंट वेटरन क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल के रूप में देखा जा रहा है। बीवीसीआई बोर्ड के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी के मजबूत इरादों, दूरदर्शी सोच और सशक्त नेतृत्व के कारण ही एशिया लीजेंड कप जैसा बड़ा आयोजन संभव हो सका। उनके मार्गदर्शन और विश्वास ने हमें इस टूर्नामेंट को सफलतापूर्वक पूरा करने की प्रेरणा दी।"एशिया लीजेंड कप की यह सफलता बीवीसीआई के लिए एक मजबूत शुरुआत मानी जा रही है और भविष्य में और भी बड़े अंतर्राष्ट्रीय वेटरन क्रिकेट आयोजनों का मार्ग प्रशस्त करती है।

### बार-बार तवे पर टूट जाता है चीला, तो बनाते वक्त इन टिप्स को करें फॉलो

चावल आटे का चीला अक्सर सर्दियों के मौसम में बनाया जाता है। सर्दियों के दिन में जब नए चावल आते हैं, तो उसे पीसकर घरों में चावल आटे का चीला समेत कई तरह की रेसिपीज बनाई जाती है। वैसे तो लोग कभी भी चावल आटे का चीला बनाते हैं, लेकिन ज्यादातर लोग इसे नाश्ता या शाम के वक्त चाय के साथ खाना पसंद करते हैं। देखा जाए तो चावल आटे की चीला बनाना तो आसान है, लेकिन अगर इसके घोल में जरा सी गड़बड़ी हुई कि यह तवे में अच्छे से बनने के बजाए टूटने लगता है। चावल का चीला यदि ठीक से नहीं बनता है, तो बनाने में आलस आने लगता है। ऐसे में यदि आपको चावल आटे का चीला पसंद है और बनाने में परेशानी होती है, तो आज हम आपको मम्मी के बताए हुए कुछ टिप्स बताएंगे। इन टिप्स की मदद से आप आसानी से चीला बना पाएंगे।

**ठंडे पानी से बैटर न बनाएं :** चावल आटे का चीला जब भी बनाएं घोल में ठंडे पानी का उपयोग न करें। हमेशा गर्म पानी से ही घोल तैयार करें। गर्म पानी से तैयार घोल से चीला टूटता नहीं है। आटा में पहले गर्म पानी डालें और मिक्स करने के बाद सब्जी डालें।

## कार्नर न्यूज

### जिम कल्चर से दूर भागने वालों को भी जरूरत पड़ती है कैलोरी बर्न करने की

# आप दिनभर में बर्न कर सकते हैं 1000 कैलोरी, कुछ आसान तरीके अपनाकर इस बना सकते हैं संभव

जिम में पैर रखे बिना आप प्रतिदिन 1000 कैलोरी कम बर्न कर सकते हैं और अपने शरीर को बदल सकते हैं। ये सब करने में आपको पसीना जरूर आएगा, लेकिन आपको ये एहसास भी नहीं होगा कि आप कितनी मेहनत कर रहे हैं।

### एक घंटा 20 मिनट माउंटेन बाइकिंग

माउंटेन बाइकिंग आपकी मांसपेशियों को आपके ग्लूट्स, क्वाड्स, कोर और बैक को जितना संभव हो उतना कठिन काम करने के लिए पुश करती है और वो भी जिम में की जाने वाली एक्सरसाइज की तरह।

### एक घंटे लंबी पैदल यात्रा

किसी भी जिम वर्कआउट की तुलना में हाइकिंग आपके निचले शरीर पर बेहतर काम करती है। निरंतर झुकाव, असमान कदम और आपके वजन के बैकपैक का संयोजन कैलोरी का एक बड़ा हिस्सा बर्न करने में मदद करता है और आपके कार्डियोवैस्कुलर हैल्थ में सुधार करता है।

### एक घंटा रॉक क्लाइंबिंग

रॉक क्लाइम्बिंग आपके शरीर की हर एक मसल्स को एक्टिव करती है और



इसके परिणामस्वरूप जबरदस्त कैलोरी बर्न होती है। इसके साथ ही आपको मसल्स बिल्डिंग के लाभ भी मिलते हैं। चूंकि एक्टिविटी के लिए आपको अपनी ग्रिप पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है, जिससे आपकी रोइंग या पुलिंग परफॉरमेंस में भी सुधार आता है।

### एक घंटा 25 मिनट फुटबॉल

फुटबॉल माइंड और स्पीड का खेल है। ये खेल जबरदस्त एनर्जी की मांग करता है, जिससे कैलोरी बर्न होती है और जिम में किसी भी उपकरण की तुलना में तेजी से मसल्ड बिल्ड करता हैं।

### एक घंटा 30 मिनट बास्केटबॉल

बास्केटबॉल के खेल में शामिल होने वाला रनिंग आपके स्वास्थ्य के लिए चमत्कार कर सकती है। इससे न सिर्फ आपकी मसल्ड बिल्ड होती है, बल्कि ये खेल आपके दिमाग और शरीर के समन्वय में भी सुधार करता है।

### एक घंटा 15 मिनट हॉकी

हॉकी खिलाड़ियों के शरीर क्रिकेटरों की तुलना में अधिक बेहतर होते हैं। क्यों? हॉकी का खेल बहुत अधिक बैठने की मांग करता है और आप अन्य खेलों की तरह दौड़ नहीं रहे होते हैं। आप बस बॉल को धकेल रहे हैं। यह आपके ग्लूट, क्वाड और हैमस्ट्रिंग को एक्टिव करता है।

### तीन घंटे गोल्फ

अगर आपके पास ऐसा समय है, तो क्यों न अमीरों का खेल खेलें। गोल्फ अन्य खेलों की तरह फिजिकल एक्टिविटी की मांग नही करता। अपने गोल्फ कार्ट के बिना 18 होल्स चलना लगभग 5.6 किमी की यात्रा के बराबर है। 65 से 75 स्ट्रोक के एवरेज राउंड में लगभग चार घंटे लगते हैं, जो आपकी 1,000 कैलोरी बर्न करने के लिए पर्याप्त हैं।

### एक घंटा 35 मिनट तैराकी

मध्यम गति से तैरने से आपको कुछ सीरियस कैलोरी बर्न करने में मदद मिल सकती है। आपके द्वारा जलाए जाने वाली कैलारी की मात्रा आपके साइज, उम्र और बॉडी टाइप से जुड़ी होती है। कुछ ज्यादा कैलोरी बर्न करने के लिए बैकस्ट्रोक की तुलना में फ्रीस्टाइल और बटरफ्लाई आजमाएं।

### दो घंटे 30 मिनट डांस


अगर आपकी खेलों में रुचि नहीं है तो डांस कीजिए। एक नाइट क्लब में डांस करते हुए पसीने से तरबतर हो जाना (लेकिन हाई कैलोरी, एल्कोहलिक पेय पदार्थों को नहीं पीना है) आपकी कैलोरी बर्न करने में मददगार हो सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लियोनार्डो के साथ 'स्पाइडर मैन'ने पार्टी में मचाया धमाल



रविवार रात सांता क्लारा के लेवीज स्टेडियम में सुपर बाउल एलएक्स हाफटाइम शो हुआ। शो में ग्रैमी अवॉर्ड विजेता बैड बनी ने पूरा माहौल बदल कर रख दिया। इस शाम हॉलीवुड के कई कलाकार शो का मजा लेने पहुंचे। बैड बनी ने सुपर बाउल में इतिहास रच दिया। वह सुपर बाउल के हाफटाइम शो में पहले स्पैनिश भाषा में गाने वाले लैटिन सोलो आर्टिस्ट बने। सुपर बाउल वीकेंड पर हॉलीवुड का पूरा ग्लैमर देखने को मिला। मशहूर सितारे लियोनार्डो डिकैप्रियो, टोबी मैग्वायर, सुपर मॉडल केंडल जेनर और सिंगर लेडी गागा जैसे कलाकार शामिल हुए।

लियोनार्डो डिकैप्रियो और टोबी मैग्वायर को सुपर बाउल पार्टी में जमकर एंजॉय करते देखा गया। यह पार्टी रेजिंग केन्स ने होस्ट की थी, जहां दोनों पुराने दोस्त फुल मस्ती के मूड में नजर आए। पार्टी में रैपर आइस क्यूब की लाइव परफॉर्मेंस चल रही थी। इसी दौरान लियोनार्डो और टोबी डांस फ्लोर पर थिरकते दिखे। इसी बीच सुपर मॉडल केंडल जेनर भी सुपर बाउल में नजर आईं। वह लेवीज स्टेडियम, सांता क्लारा पहुंचीं, ठीक कुछ घंटे पहले जब उनके एक्स-बॉयफ्रेंड बैड बनी हाफटाइम शो में परफॉर्म करने वाले थे। केंडल के पहुंचते ही सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरु हो गईं। शो में सरप्राइज एलिमेंट भी देखने को मिला। लेडी गागा ने बैड बनी के साथ एक इंग्लिश लैंग्वेज परफॉर्मेंस दी, जो दर्शकों को खूब पसंद आई। कुल मिलाकर, बैड बनी का यह हाफटाइम शो सिर्फ एक म्यूजिकल परफॉर्मेंस नहीं था, बल्कि लैटिन कल्चर, भाषा और गर्व का एक मजबूत संदेश भी लेकर आया, जिसने सुपर बाउल के स्टेज को इतिहास का गवाह बना दिया।

### टॉलीवुड

## प्रकाश राज बोले- व्हाट्सएप फैक्ट्रियां कहानी बना रहीं, 'स्पिरिट' से बाहर होने की



संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'स्पिरिट' शुरू से चर्चा में है। पहले इस फिल्म में दीपिका पादुकोण लीड रोल अदा कर रही थीं। मगर, कुछ मतभेदों के चलते स्टाराकास्ट में बदलाव हुए और दीपिका की जगह तृप्ति डिमरी फिल्म का हिस्सा बनीं। प्रभास इस फिल्म में लीड रोल कर रहे हैं। बीते रविवार ऐसी खबरें सामने आईं कि दीपिका के बाद अब प्रकाश राज भी 'स्पिरिट' से हट गए हैं। इस किस्म की खबरों पर प्रकाश राज ने चुप्पी तोड़ी है।

फिल्म 'स्पिरिट' से अपने बाहर होने की अफवाहों को बढ़ता देख प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से आज सोमवार को एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें लोगों से अफवाहें न फैलाने की बात कही है। एक्टर ने लिखा है, 'सभी टॉक्सिक फर्जी खबरें फैलाने वालों को 'स्पिरिट' फिल्म के बारे में बताना चाहता हूं। हमने अभी तक मेरे सीन्स की शूटिंग शुरू भी नहीं की है और व्हाट्सएप फैक्ट्रियां कहानियां बना रही हैं। थोड़ी समझदारी दिखाओ। अपनी जिंदगी जियो'।

बता दें कि ऐसी अफवाहें चल रही थीं कि प्रकाश राज और फिल्म 'स्पिरिट' के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा के बीच कुछ क्रिएटिव मतभेद हो गए हैं। इसके बाद प्रकाश राज ने फिल्म से हाथ खींच लिए हैं और उनकी जगह कोई दूसरा कलाकार खोजा जा रहा है। मगर, इस किस्म की अफवाहों को प्रकाश राज ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खारिज कर दिया है। साथ ही साफ कर दिया कि वे फिल्म का हिस्सा हैं।

बता दें कि पहली जनवरी को फिल्म 'स्पिरिट' का पोस्टर जारी किया गया था। इसमें प्रभास और तृप्ति डिमरी नजर आए। फिल्म में विवेक ओबेरॉय भी अहम भूमिका में हैं।

### बॉलीवुड

## सीएमओ डॉ. अम्बेडकर की भूमिका में तो 'रमाई'का किरदार निभा रही पूर्व मिस यूनिवर्स



स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड-सेल में भिलाई स्टील प्लांट के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में पदस्थ सीएमओ डाक्टर उदय को दर्शक इन दिनों संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की भूमिका में खूब पसंद कर रहे हैं। बॉलीवुड मूवी 'रमाई' में डॉ. उदय ने यह भूमिका निभाई है। वहीं उनकी पत्नी और पूर्व मिसेज यूनिवर्स प्रेरणा धाबर्डे इस फिल्म की केंद्रीय भूमिका में है। देशभर में मूवी रिलीज हो चुकी है। शहर के कई सिनेमा हॉल में शो चल रहे हैं। इसे देखने के लिए जन प्रतिनिधियों के साथ लोग पहुंच रहे हैं। पूर्व विधायक अरुण वोरा, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल और विधायक रिकेश सेन ने भी फिल्म देखने के बाद धाबर्डे दंपति के अभिनय की तारीफ की है। डॉक्टर उदय ने इस फिल्म के बारे में बताया कि-बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विश्व व्यापी छवि के पीछे उनकी पत्नी रमाबाई अंबेडकर का भी हाथ है। सब श्रद्धा और प्यार से उन्हें रमाई कहते हैं, उनका बहुत बड़ा योगदान था। रमाई हिंदी फिल्म में हर स्त्री की त्याग, संघर्ष, बलिदान की कहानी दिखाने की कोशिश की है, जो परदे के पीछे रहकर अपने पति, परिवार समाज और देश के लिए करती है। इस फिल्म की प्रोड्यूसर कृष्ण चौहान है। फिल्म को प्रेजेंट प्रेरणा यूनिवर्सल फिल्म ने किया है। शूटिंग भिलाई और मुंबई में हुई है और अधिकांश कलाकार छत्तीसगढ़ के हैं। फिल्म में शाहू महाराज बड़ौदा नरेश के भूमिका प्रसिद्ध कलाकार रजा मुराद ने निभाई है, जिनके शानदार अभिनय और बुलंद आवाज के सभी दीवाने हैं।

## लाइफ स्टाइल



## तलाश टिकाऊपन की

साल 2026 भारतीय फैशन और टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए एक अहम दौर है। टेक्नोलॉजी में तरक्की, कंज्यूमर की बदलती पसंद और टिकाऊ कपड़ों की बढ़ती ज़रूरत के साथ, यह सेक्टर नए रास्ते तलाश रहा है। बदलते ट्रेंड्स भारतीय फैशन इंडस्ट्री को आकार दे रहे हैं। जिससे अंदाज़ा लगा सकते हैं कि आने वाले समय में देश का फैशन कैसा होगा। आज टिकाऊपन सिर्फ़ एक चर्चा का विषय नहीं रहा, बल्कि फ़ैशन इंडस्ट्री का एक ज़रूरी हिस्सा बन गया है। ब्रांड ऑर्गेनिक कॉटन, बायो-इंजीनियर्ड फ़ैब्रिक और लैब में बने लेदर से जुड़ी टेक्नोलॉजी ज़्यादा आसानी से उपलब्ध हो गई हैं, जिससे मटेरियल सोर्सिंग में क्रांति आ गई है।

## सन टैन को दूर करने के लिए खीरे का जरूर करें इस्तेमाल

सन टैन एक ऐसी समस्या है, जिसका सामना हम सभी ने कभी ना कभी किया ही है। जब किसी को सन टैन की समस्या होती है जो इससे स्किन में जलन, इरिटेशन व दर्द की समस्या हो सकती है। यूं तो सन टैन की समस्या को दूर करने के लिए मार्केट में कई तरह की क्रीम्स मिलती हैं, लेकिन अगर आप चाहें तो नेचुरल तरीके से भी अपनी स्किन को राहत पहुंचा सकती हैं।

इसमें खीरा आपके काफी काम आ सकता है। यूं तो खीरे का उपयोग टैनिंग को दूर करने के लिए नहीं किया जाता है, लेकिन खीरे के सूदिंग और हाइड्रेटिंग गुण यकीनन आपके लिए मददगार हो सकते हैं। खीरे का उपयोग धूप के कारण होने वाली जलन की परेशानी को कम करने और अत्यधिक धूप के प्रभाव को कम करने के लिए किया जा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको सन टैन को दूर करने के लिए खीरे का इस्तेमाल करने के कुछ तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

### खीरे और गुलाब जल का करें इस्तेमाल

सन टैन होने पर स्किन को ठंडक की काफी जरूरत होती है। ऐसे में खीरे और गुलाब जल को मिक्स करके इस्तेमाल करना अच्छा विचार है। सन टैन को रिमूव करने के लिए सबसे पहले खीरे को कद्दूकस करें और उसका रस निकाल लें। अब एक चम्मच गुलाब जल (घर पर कैसे बनाएं गुलाब जल) और खीरे का रस डालकर मिक्स करें। अब आप कॉटन बॉल की मदद से इसे स्किन पर लगाएं। थोड़ी देर तक इसे ऐसे ही रहने दें और फिर उसे ठंडे पानी से धो लें। इससे यकीनन आपको काफी अच्छा लगेगा।



### खीरे और नींबू के रस का करें इस्तेमाल

खीरे के साथ नींबू के रस का इस्तेमाल करने से भी सन टैन को दूर किया जा सकता है। नींबू में मौजूद विटामिन एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। साथ ही, इसमें मौजूद एसिड स्किन से सन टैन को हटाता है।

सबसे पहले आप खीरे को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें। अब इसमें थोड़ा सा नींबू का रस निचोड़ें और फिर उसे मिक्स करें। अब आप एक कॉटन बॉल की मदद से इसे स्किन पर लगाएं। कुछ देर तक ऐसे ही छोड़ दें और फिर स्किन को साफ करें। अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आप नींबू के रस की जगह टमाटर के रस का इस्तेमाल करें।

## साड़ी के लेटेस्ट फैशन ट्रेंड अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से स्टाइल कीजिए



साड़ी फैशन आजकल चलन में है और साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहना जाता है। आए दिन फैशन ट्रेंड तेजी के साथ बदल रहा है और कुछ नया मार्केट में देखने को नजर आ रहा है। ऐसे में साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है और इसे तरह-तरह से स्टाइल किया जाता है। सेलेब्रिटी लुक की बात करें तो आजकल एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के साड़ी डिजाइंस आजकल काफी चलन में है। तो चलिए देखते हैं एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के कुछ स्टाइलिश ब्लाउज डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से पहनकर अपने साड़ी लुक को खास बना सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।





### टर्टल नेक ब्लाउज

अगर आप बंद गले के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के गले से लगे हुए टर्टल नेक ब्लाउज डिजाइन को आप पहन सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप स्लीवलेस बाजू बनवाएं। साथ ही आप ज्वेलरी को स्किप भी कर सकती हैं।

### ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह का ब्रालेट डिजाइन का ब्लाउज आपके लुक को आकर्षक बनाने में मदद करेगा। इस तरीके के हैवी वर्क वाले ब्लाउज आपको मार्केट में रेडीमेड भी आसानी से मिल जाएंगे। ऐसा पर्ल या बीड्स डिजाइन खासकर पेस्टल कलर की साड़ी के साथ खूबसूरत नजर आता है।

### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल डिजाइन वाले नेक लाइन पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के गोल गले वाले ब्लाउज आपके लुक को खास बनाने में मदद करेंगे। इस तरीके की नेक लाइन आप सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करें।

## प्याज का रस बालों में लगाने से पहले इन बातों का रखें ख्याल

जब बालों की केयर की बात होती है, तो प्याज का रस बेहद कमाल काम करता है। दरअसल इसमें ऐसे कंपाउंड होते हैं, जो बैक्टीरिया और फंगस से लड़कर आपके बालों को हेल्दी बनाते हैं। इसमें मौजूद सल्फर बालों को टूटने और पतला होने से बचाता है। साथ ही साथ, इसके एंटीऑक्सीडेंट बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकने में मदद कर सकता है।

जब इसका इस्तेमाल बालों में किया जाता है तो बालों को पोषण देने और उसे झड़ने से रोकने में मदद मिलती है। यह सच है कि प्याज का रस बालों के लिए लाभदायक है। लेकिन इसे इस्तेमाल करते समय आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का ख्याल रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ बातों के बारे में बता रहे हैं-

### जरूर करें डायलूट

प्याज का रस बालों व स्कैल्प के लिए बेहद ही लाभकारी है। लेकिन इसे सही तरह से इस्तेमाल करना जरूरी होता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप इसे डायलूट करके ही अपने



बालों में इस्तेमाल करें। आाप एक भाग प्याज का रस (प्याज के रस से बालों की ग्रोथ कैसे करें) और दो से तीन भाग तेल डालकर मिक्स करें। इसके बाद ही आप प्याज का रस बालों में लगाएं। आप प्याज के रस में नारियल तेल या जैतून तेल मिक्स कर सकते हैं।

### करें पैच टेस्ट

अगर आप पहली बार प्याज का रस अपनी स्कैल्प पर लगा रही हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप एक बार पैच टेस्ट जरूर करें। इससे आपको किसी भी तरह के एलर्जिक रिएक्शन और स्किन सेंसेटिविटी के बारे में पता चलेगा।

## बूट्स है फैशन की डिमांड, जींस के साथ मैचिंग करना हो तो जान लें जरूरी टिप्स

बूट्स पहनना कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि मुझे बूट्स बहुत पसंद हैं। शायद आप भी यही बात कहें। बूट्स पहनने वाले पुरुषों का एक दमदार रूआब दिखता है। मगर ये बात आपके बूट्स पहनने के तरीके पर निर्भर करती है। अगर सही ढंग से नहीं पहने तो मजाक भी उड़ सकता है। इसलिए सामान्य जूतों की तुलना में बूट्स को कैरी करना थोड़ा पेचीदा है। लेकिन नामुमकिन नहीं। जिस तरह आप जूते पहनने की गलती को समझ गए हैं, वैसे ही अब बूट्स पहनने के नियम जान लें। ताकि आप किसी प्रकार की फैशन मिस्टेक न करें। इसके बाद आप भी बूट्स में धांसू नजर आ सकेंगे। बूट्स भी एक नहीं स्टाइल-डिजाइन और कलर के आधार पर कई प्रकार के होते हैं। यहां पर आपको कुछ कॉमन बूट्स के बारे में बता देता हूं- कॉमबेट बूट्स, लेस अप बूट्स, एंकल बूट्स, बाइकर बूट्स,चेल्सा बूट्स और टिंबरलैंड बूट्स कई बूट्स वजन के आधार पर भी निर्भर करते हैं। उनको आप वेट के आधार पर बांट सकते हैं। जैसे हैवी बूट्स और लो वेट बूट्स

### कब पहने बूट्स



जब मन किया और जिसके साथ मन किया, उसके साथ बूट्स को नहीं पहन सकते हैं। कभी भी बूट्स को फॉर्मल ड्रेस के साथ पहनने की गलती न करें। साथ ही एथनिक ड्रेस के साथ भी न पहनें। इसे फैशन मिस्टेक माना जाता है। इसलिए बाइकिंग यानी ट्रैवलिंग के दौरान बूट्स को पहनकर जा सकते हैं। इसके लिए बाइकर बूट्स सही माने जाते हैं।

### परफेक्ट साइज की पहने पैंट

बूट्स पहनने वालों को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए। बूट्स के साथ परफेक्ट साइज और लेंथ वाली पैंट ही पहनें। कभी भी बूट्स के साथ एंकल पैंट न पहनें और न ही बहुत लंबी पैंट पहननी चाहिए। ऐसी पैंट पहने, जो कि आपके बूट्स के ऊपरी हिस्से को कवर कर सके।

### कार्नर न्यूज

### मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते समय रहें सचेत

## मेकअप स्पॉन्ज का इस्तेमाल करें सावधानी से, क्लीन करते समय बचें छोटी-छोटी गलतियों से

मेकअप करते हुए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स व टूल्स का इस्तेमाल करते हैं और इनमें से एक है मेकअप स्पॉन्ज। यह एक ऐसा टूल है, जिसकी मदद से आप अपने मेकअप प्रोडक्ट्स को अपनी स्किन पर बेहतर तरीके से अप्लाई कर पाती हैं। इतना ही नहीं, यह आपके महंगे व ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को वेस्ट होने से भी रोकता है।

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मेकअप स्पॉन्ज आपकी मेकअप किट में होना बेहद जरूरी है। लेकिन आपको इसके हाइजीन को भी मेंटेन करना चाहिए। इस्तेमाल करने के बाद आपको इसे क्लीन अवश्य करना चाहिए। साथ ही, क्लीनिंग के दौरान आपको कुछ छोटी-छोटी गलतियों से बचना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी मेकअप स्पॉन्ज क्लीनिंग मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अवॉयड करना चाहिए-

### मेकअप स्पॉन्ज को पहले सोक ना करना

जब आप मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन



करते हैं तो उसे पहले सोक करना जरूरी होता है। स्पॉन्ज को सोक करने से उस पर लगे मेकअप को लूज करने में मदद मिलती है और वह अधिक बेहतर तरीके से क्लीन होता है। हालांकि, कई बार हम मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करने से पहले उसे सोक नहीं करते हैं। जिससे वह उतना अच्छी तरह क्लीन नहीं हो पाते हैं।

### हार्श क्लींजर का इस्तेमाल करना

मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय क्लींजर की जरूरत पड़ती है। लेकिन आप किस तरह के क्लींजर (रूखी स्किन के लिए होममेड क्लींजर) का इस्तेमाल कर रहे हैं, इसका आपको ख्याल रखना चाहिए। कई बार हम हार्श साबुन या डिश डिटर्जेंट आदि का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसा करने से मेकअप स्पॉन्ज बहुत ही जल्दी खराब हो जाता है। इतना ही नहीं, इस तरह के हार्श क्लींजर आपकी स्किन को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके लिए किसी जेंटल और फ्रेगरेंस फ्री स्पॉन्ज क्लीनर से ही मेकअप स्पॉन्ज को साफ करें।

### बहुत गर्म पानी से धोना

ऐसा माना जाता है कि गर्म पानी से स्पॉन्ज को क्लीन करने से उसमें मौजूद बैक्टीरिया खत्म हो जाते हैं। लेकिन अगर आप इस चक्कर में बहुत अधिक गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं तो इससे स्पॉन्ज को नुकसान होता है। यहां तक कि इससे उसका टेक्सचर भी खराब हो सकता है। इसलिए, हमेशा ध्यान रखें कि आप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।

### जोर से रगड़-रगड़कर साफ करना

स्पॉन्ज काफी सॉफ्ट होता है और इसलिए जब इसे बहुत जोर से रब किया जाता है तो इससे स्पॉन्ज फट सकता है या फिर खराब हो सकता है।

